


बालाघाट, सिवनी, मंडला, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 23 अगस्त 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 207 | मूल्य - 5 रुपये









## आईआईटी-दिल्ली में एक भवन की छठी मंजिल से छलांग लगाकर एक विद्यार्थी ने की खुदकुशी..

नयी दिल्ली, (भाषा)।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से भौतिकी में स्नातकोत्तर कर रहे 31 वर्षीय एक विद्यार्थी ने शनिवार सुबह परिसर में एक भवन से कथित रूप से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से कोई 'सुसाइड नोट' नहीं मिला है, लेकिन मृत छात्र की जेब से एक मोबाइल फोन मिला है जिसकी जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में शरीर पर गिरने से लगी चोटों के अलावा कोई और चोट का निशान नहीं मिला है। जांच के तहत पुलिस संस्थान से छात्र के 'काउंसलिंग रिकॉर्ड' और दूसरी जरूरी जानकारी जुटा रही है। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, विद्यार्थी सुबह आठ बजे आईआईटी परिसर में दाखिल हुआ। इसके बाद वह व्याख्यान सभागार कॉम्प्लेक्स में गया और लिफ्ट से छठी मंजिल पर पहुंचा। इसके बाद वह कथित तौर पर इमारत के सामने की तरफ से कूद गया।

## होटल के कमरे में सेना का जवान फंदे से लटका मिला..

**नयी दिल्ली, (भाषा)।**

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में शनिवार को सेना के 26-वर्षीय एक जवान का शव होटल के कमरे में पंखे से लटका मिला। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान आंध्र प्रदेश के गुंटूर निवासी अनिल साई तेजा वल्लेपु के रूप में हुई है। वह सेना में तैनात था और उसकी तैनाती हरियाणा के हिसार में थी। पुलिस ने बताया कि कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है।

## आवश्यकता है..

**बालाघाट शहर के प्रसिद्ध डिस्ट्रीब्यूटर वाधवानी फटाखा बाजार एवं विजय सेल्स में कार्य के लिये मार्केटिंग सेल्समेन, पुरुष एवं महिला कर्मचारी की आवश्यकता है। संपर्क करें.. 9425639000, 9300039839**

## आवश्यकता है..

***बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक) में वेटर, हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क 9301210805, 7000671780***

# महिलाओं का अपना अस्तित्व है, मनुस्मृति में महिलाओं से जुड़ी व्यवस्था शर्मनाकः राहुल गांधी

**पुणे, (भाषा)।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने पुणे में कांग्रेस के युवा संपर्क कार्यक्रम 'छात्रों की गूंज' को संबोधित करने के लिये पहुंचे। यहां पर उन्होंने समस्त कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की, उसके बाद आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं से बात की, तथा बेबाकी से अपनी बातें कही। राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि महिलाओं का अपनी अस्तित्व है और उनकी पहचान को उनके पिता, पति या बेटों के अधीन नहीं रखा जाना चाहिए।






उन्होंने मनुस्मृति के उस नियम को ''शर्मनाक'' बताया, जिसके अनुसार महिला को जीवन के हर चरण में पुरुष रिश्तेदारों के अधीन रहना चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने पुणे में कांग्रेस के युवा संपर्क कार्यक्रम 'छात्रों की गूंज' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत यहां की 70 करोड़ महिलाओं की ''अनोखी यात्राएं, अनोखी कल्पनाएं और अनोखे सपने'' हैं। राहुल गांधी ने कहा, ''मैं यहां मनुस्मृति का जिक्र करना चाहूंगा, जिसमें साफकहा गया है कि बचपन में महिला को अपने पिता के अधीन रहना चाहिए, जवानी में वह अपने पति के अधीन होती है और जब उसका पति मर जाता है, तो वह अपने बेटों के अधीन होती है। महिला को कभी भी स्वतंत्र नहीं होना चाहिए। ये शब्द शर्मनाक हैं। ये शब्द नहीं कहे जाने चाहिए।'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि महिलाएं देश की सबसे बड़ी संपत्ति हैं और उन्हें अपने लिए खड़ा होना चाहिए और खुद पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''आप खुद के अलावा किसी और के अधीन नहीं हैं। पिता, भाई, पति या बेटे के साथ आपका रिश्ता तो है, लेकिन आप उनके अधीन नहीं हैं, आपकी अपनी खुद की पहचान है।'' एक स्थानीय कॉलेज के मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवतियां मौजूद थीं। इसमें राहुल गांधी ने कहा कि वह यहां भाषण देने या राजनीति पर चर्चा करने नहीं, बल्कि युवाओं को अपनी भावनाएं व्यक्त करने और अपने विचारों पर चर्चा करने का मौका देने आए हैं। दर्शकों से ''पिंजरा तोड़ने'' का आह्वान करते हुए गांधी ने युवाओं से कहा कि हर व्यक्ति अनोखा होता है और उसके अपने सपने और दृष्टिकोण होता है।

कांग्रेस नेता ने मौजूद युवतियों को संबोधित करते हुए कहा, ''आप अनोखे हैं, आप खास हैं, आप एक व्यक्ति हैं और आपके अपने सपने हैं।'' यह बताते हुए कि वह महिलाओं को देश की बड़ी संपत्ति क्यों मानते हैं, गांधी ने कहा, ''मेरा तर्क यह है कि महिलाएं स्वभाव से पुरुषों की तुलना में अधिक संवेदनशील, अधिक सौम्य, अधिक दयालु और अधिक दूरदर्शी होती हैं।''

कांग्रेस नेता ने कहा कि महिलाओं को अक्सर तीन पहचानों -बेटी, पत्नी या मां- तक ही सीमित रखा जाता है। उन्होंने कहा कि हालांकि इन रिश्तों में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन ये उनकी एकमात्र पहचान नहीं हो सकतीं। गांधी ने कहा कि महिलाएं पेशेवर और खिलाड़ी बनती हैं तथा कई क्षेत्रों में सक्रिय रहती हैं, लेकिन अक्सर पुरुषों के साथ उनके रिश्तों के जरिये ही उनकी पहचान तय की जाती है।

# निलंबित महिला पुलिस अधिकारी के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए एसआईटी गठित..

**जबलपुर/कटनी (भाषा)।**



मध्यप्रदेश पुलिस ने कटनी की निलंबित नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) नेहा पचिसिया के खिलाफहत्या के एक आरोपी से जुड़े कथित जमीन सौदे के मामले में लगे आरोपों की जांच के लिए शनिवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया।

कटनी के कुठला थाने में 19 अगस्त को पचिसिया (37) और उनके दो सहयोगियों, जिनमें क्षितिज राज बरापात्रे भी शामिल हैं, के खिलाफप्राथमिकी दर्ज की गई थी। जबलपुर जोन के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि एसआईटी मामले की जांच कर रहीं जबलपुर की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अंजना तिवारी की सहायता करेगी। कटनी के पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के अनुसार, मामला हत्या के आरोपी रमेश लोधी की गिरफ्तारी में कथित तौर पर देरी करने और निर्धारित 90 दिन की अवधि में उसके खिलाफआरोपपत्र दाखिल नहीं किए जाने के आरोपों से जुड़ा है। विश्वकर्मा ने कहा, ''जब हमारे संज्ञान में आया कि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है तो हमने उसे गिरफ्तार कराया।'' हालांकि, आरोपपत्र दाखिल नहीं होने के कारण लोधी को जुलाई के पहले सप्ताह में जमानत मिल गई। विश्वकर्मा ने कहा, ''मैंने जांच की समीक्षा कराई...मैंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य को प्रारंभिक जांच के निर्देश दिए, जिसमें मामला संदिग्ध पाया गया।'' इसके बाद जबलपुर की एएसपी अनु बेनीवाल ने जांच की। जांच में सामने आया कि लोधी और उसके परिवार की जमीन 18 लाख रुपये में मारूफ अहमद हनफी को बेची गई, जबकि सरकार के निर्देश के अनुसार उसकी कीमत 82 लाख रुपये थी और बाजार मूल्य करीब दो करोड़ रुपये आंका गया। पुलिस अधीक्षक विश्वकर्मा ने कहा, ''कोई व्यक्ति इतनी कम कीमत पर जमीन क्यों बेचेगा? इसका मतलब है कि उस पर दबाव था।




# बच्चे खुद अपनी ख्वाहिशें पूरी करने योग्य खुद को बनाएं.. कौन समझायेगा आज के बच्चों को..

### संभाजीनगर मे आईफोन के लिये बच्चे की जिद के साथ माता पिता की मौत के बाद सवाल समाज के सामने है? - बोले वरिष्ठ राष्ट्र व समाजचिंतक छैलबिहारी अग्रवाल..





**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***21 अगस्त 2026 को महाराष्ट्र के संभाजीनगर में पहाड़ी पर आईफोन की किश्त के लिये जिद करते हुए तथा अपनी जान देने के लिये आतुरता दिखाते हुए बेटे की नासमझी ने ना सिर्फ उसके प्राण हर लिये, बल्कि बच्चे को बचाने की कोशिश में पिता और फिर सदमे में मां ने भी पहाड़ी से छलांग लगा दी, और इस तरह से एक पूरा परिवार पल भर में ही दुनिया से चला गया।***

इस घटना ने हर किसी को विचलित कर दिया, तो वहीं इस घटना ने आज के भारत की ऐसी तस्वीर पेश कर दी, जिसमें यह साफ झलक पड़ा कि अपना भारत वो भारत अब नहीं रहा, जहां माता पिता की मजबूरी को आज के संपन्न दौर का बच्चा समझ सके। उसके लिये जीवन में उसकी अपनी चाहतें सबसे ऊपर हो चुकी है। इसी जिद का नाम कहीं झेन जी के रुप में भी सामने आ रहा है।

विषय के संदर्भ में गोंदिया के वरिष्ठ समाजसेवक एवं राजनीतिक विश्लेषक छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि हाल ही में नई दिल्ली में जंतर मंतर पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन तक तो सब ठीक था, लेकिन संस्कारहिन यह प्रदर्शन रहा, जिसमें प्रदर्शनकारी बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मां बहन की गालियां तक दी। आए दिन सड़क पर तेज रफ्तार में मोटर सायकिल चलाते हुए आज के नाबालिग बच्चों और किशोर युवक युवतियों को देखा जा सकता है।

बच्चे की उम्र 15 से 18-20 साल है, और उसके शरीर का वजन 50 से 60 किलोग्राम, परंतु उसे 150 सीसी की मोटर सायकिल या बुलेट चाहिये, जिस वाहन का वजन 100 किलोग्राम के ऊपर है। आकस्मिक परिस्थितियों में वाहन अनबैलेंस होगा तो बच्चे के लिये उस वाहन को संभालना मुश्किल होगा, और दुर्घटना होने पर क्या होगा, कहा नहीं जा सकता, लेकिन यह तय है कि वह आकस्मिक स्थिति में गिरते वाहन को संभाल तो नहीं सकेगा, और ऐसा ही अनेक मामलों में देखा जाता है कि जब एक बढ़ता हुआ किशोर नौजवान सड़क दुर्घटना में लापरवाही की भेंट चढ़ता हुआ मौत का शिकार हो जाता है।

इस तरह की घटनाएं आज समाज के सामने क्या प्रदर्शित करती है, यही कि आज के बच्चों को माता पिता सब कुछ दे देने को तैयार हैं, और बच्चे की हर जिद बिना परिणाम सोचे समझे पूरी की जाती है, लेकिन बच्चों को संस्कार, नीतिगत निर्णय लेने के योग्य बनाने में आज के माता पिता अक्षम हैं, और यही कारण है कि बच्चों की जिद में ऐसे घटनाक्रम सामने आते हैं, जहां पर बच्चों की नासमझी या तो उन्हें बर्बादी की राह पर ले जाती है, या फिर बच्चों की नासमझी पुरे परिवार को तबाह करने का कारण भी बन जाती है। आज इस तरह की परिस्थिति में यह आवश्यक है कि आज के बच्चों को सबकुछ देने के पहले उसकी आवश्यकता, उपयोगिता, परिवार की परिस्थितियां समझाते हुए इस बात के लिये प्रेरित किया जाए कि बच्चा खुद को अपनी ख्वाहिशें पूरी करने योग्य बनाए।

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि आज के बच्चे को भविष्य की जिम्मेदारीयों का अहसास कराया जाना चाहिये। आज के बच्चों को इस बात के लिये प्रेरित किया जाए कि वह अन्य बच्चों की हैसियत देखकर अपने माता पिता से लड़ने की बजाए स्वयं को काबिल बनाने का प्रयास करने की वास्तविक आवश्यकता को समझ सके। आज के बच्चे को यदि यह समझाने में स्कूल, शिक्षक, माता पिता और आस पास के लोग सफल होंगे तो निश्चित ही संभाजीनगर की पहाड़ी पर जो हुआ, इस तरह की घटनाएं नहीं होंगी, बल्कि झोपड़ियों में जन्म लेने वाले बच्चे भी मेहनत से अपनी तकदीर लिख सकेंगे, और अपने माता पिता से यह नहीं कहेंगे की आप हमारी ख्वाहिशें पूरी करें, बल्कि बच्चे समझदार बनकर खुद कहेंगे कि माता पिता हम आपकी ख्वाहिशें पूरी करेंगे।



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स, ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# बीमारी से प्रभावित आदिवासी ग्राम मछुरदा पहुंचकर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ले जाना बैगा परिवारों का हाल..

## टीकाकरण, पोषण, स्वच्छता और बच्चों की शिक्षा पर दिया जोर, उप स्वास्थ्य केन्द्र में एएनएम की व्यवस्था के निर्देश..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज 22 अगस्त को बालाघाट जिले के बिरसा विकासखंड के ग्राम मछुरदा पहुंचकर बीमारी से प्रभावित बैगा जनजाति के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने प्रभावित परिवारों से उनकी सामाजिक स्थिति, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं तथा बच्चों की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली और शासन की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।***

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ग्राम पंचायत मछुरदा की बैगा जनजाति की सरपंच श्रीमती जिलसो रामसिंह तिलगाम सहित बैगा परिवारों से बच्चों के टीकाकरण में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों में बच्चों की मृत्यु हुई है, उनके प्रति प्रदेश सरकार की पूरी संवेदना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण बच्चों को संक्रामक बीमारियों से बचाने में महत्वपूर्ण है और इससे उनका जीवन सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

### बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बैगा परिवारों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। शिक्षा से बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा और वे आगे बढ़कर अपने जीवन में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग जागरूक होकर आगे आएंगे, वे जीवन में सफलता प्राप्त करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र हाल ही में नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। अब शासन की योजनाएं और सुविधाएं प्रभावी रूप से इस दूरस्थ क्षेत्र तक पहुंच रही हैं। सरकार का उद्देश्य है कि क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण सहित सभी मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिले।

### पोषण और स्वच्छता पर दिया जोर

बैगा परिवारों से चर्चा के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पोषण एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में साफ-सफाई की आदत अपनाने और पौष्टिक आहार लेने से अनेक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने परिवारों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने की समझाइश दी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मछुरदा के उप स्वास्थ्य केन्द्र में एक एएनएम की व्यवस्था करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें।

### जिला टीकाकरण अधिकारी और मलेरिया अधिकारी को बदला गया

पत्रकारों से चर्चा करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बताया कि बालाघाट के जिला टीकाकरण अधिकारी को बदला गया है तथा जिला मलेरिया अधिकारी को हटाया गया है। उन्होंने कहा कि बैगा बच्चों की मृत्यु के मामले की जांच की जाएगी। यदि जांच में किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने से सरकार पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि बैगा जनजाति के परिवारों को स्वास्थ्य एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। वर्तमान में बिरसा क्षेत्र के 38 ग्रामों में मलेरिया से बचाव के लिए दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है तथा बीमार लोगों की जांच कर उनका उपचार किया जा रहा है। प्रभावित ग्रामों में टीकाकरण का विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है।

### पोषण व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाएगा

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वे बैगा बच्चों के पोषण को लेकर भोपाल में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और इस समस्या का समाधान निकालने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग का मेनपावर बढ़ाया जाएगा। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बीमारी से प्रभावित बैगा परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### यह रहे उपस्थित..

इस दौरान मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भगतसिंह नेताम, पूर्व मंत्री रामकिशोर कांवरे, विधायक राजकुमार करहि, गौरव सिंह पारधी, कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कर्त्तव्यों में लापरवाही पर जिला मलेरिया अधिकारी मनीषा जुनेजा हटाई गई..

## टीकाकरण अधिकारी के पद से डॉ. परेश उपलप को भी किया गया मुक्त..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में आदिवासी बैगा ग्रामों में स्वास्थ्य सेवाओं में की गई कमियों के परिणामस्वरुप 24 बच्चों की मौत हो गई, जबकि अन्य अनेक बच्चे बीमार हुए, जिनका उपचार शुरु है। आदिवासी बैगा ग्रामों में शासन की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं में की गई कमियां इसका***

मुख्य कारण बताई जा रही है। पुरे राज्य में बालाघाट जिले में हुई आदिवासी बच्चों की मौत का मामला सुर्खियों में है, तथा इस मामले में प्रतिदिन सरकार के आला अधिकारी एवं मंत्री भी स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं, इसी क्रम में आज 22 अगस्त को राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी बालाघाट पहुंचे, और आदिवासी अंचलों का दौरा किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री शुक्ल ने कार्यवाही करते हुए जिला मलेरिया अधिकारी मनीषा जुनेजा का स्थानांतरण करते हुए जिला मलेरिया अधिकारी जबलपुर के पद पर पदस्थ किया है, जबकि वहीं जबलपुर के जिला मलेरिया अधिकारी श्री ब्रजेश कुमार पटेल को स्थानांतरित कर जिला मलेरिया अधिकारी बालाघाट के पद पर पदस्थ किया गया है। गौरतलब है कि बालाघाट जिले में विगत अनेक वर्षों से जिला मलेरिया अधिकारी के रुप में पदस्थ मनीषा जुनेजा को विगत शिवराव सिंह चौहान सरकार में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी की उपस्थिति में भोपाल में संपन्न कार्यक्रम में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया था। इसी प्रकार जिला मलेरिया अधिकारी मनीषा जुनेजा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिले को 15 अवॉर्ड प्राप्त हुए थे, परंतु आदिवासी बैगा क्षेत्रो में हुई अप्रिय स्थिति के कारण प्रशासनिक सर्जरी के तहत मनीषा जुनेजा को इस परिस्थिति का सामना करना पड़ा है। बताया जा रहा है कि आदिवासी बच्चों की कुपोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं में कमी के चलते मौत होने के मामले में जांच भी की जायेगी, जिसके बाद सहीं स्थिति भी सामने आने की संभावना है।

### डॉ. परेश उपलप नही रहे टीकाकरण अधिकारी..

इसी प्रकार जिला टीकाकरण अधिकारी की जिम्मेदारी भी संभाल रहे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप को हटाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाडा में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारितोष शुक्ला को आगामी आदेश तक प्रभारी जिला टीकाकरण अधिकारी बालाघाट के पद पर पदस्थ किया गया है।

# हैदराबाद में आत्मीय संवाद में जिले के मास्टर ट्रेनर कमलकांत बिठले हुए शामिल..

## बोले वर्तमान समय में आत्मीय संवाद की महती आवश्कता, बालाघाट में प्रशासनिक कर्मचारियों और नागरिकों को देंगे आत्मीय संवाद का प्रशिक्षण..



जगप्रेरणा बालाघाट।

राज्य आनंद संस्थान ने हैदराबाद के कान्हा शांतिवनम में स्थित हार्ट फुलनेस सेंटर में प्रदेश के 40 मास्टर ट्रेनर को आत्मीय संवाद प्रशिक्षण के लिए भेजा था। जिसमें प्रदेश के 40 मास्टर ट्रेनर में बालाघाट के मास्टर ट्रेनर कमलकांत बिठले भी शामिल थे। जिन्होंने 17 से 20 अगस्त तक चले आत्मीय संवाद प्रशिक्षण में हिस्सा लेकर आत्मीय संवाद की बारिकियों को सीखा और समझा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम से बालाघाट लौटे मास्टर ट्रेनर कमलकांत बिठले ने बताया कि सार्थक संवाद के लिए बोलने से अधिक सुनने की आवश्यकता है। हम, सुनने के माध्यम से अपने घर, परिवार, समाज और विश्व में आपसी प्रेम, सद्भाव पैदा कर सकते है। उन्होंने बताया कि हार्ट फुलनेस के आदिगुरू लालाजी और मार्शल-बी रोजनबर्ग के आत्मीय संवाद नियमों को, प्रशिणार्थी मास्टर टेऊनरो को विभिन्न खेल गतिविधियों और व्याख्यान के माध्यम से प्रोफेशनल प्रशिक्षको ने आत्मीय संवाद की कला सीखाई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के समापन पर मध्यप्रदेश योग आयोग के अध्यक्ष राघवेन्द्र शर्मा ने योग, आनंद एवं सामाजिक संगठनों के समन्वय से मध्यप्रदेश में सकारात्मक और समन्वित, व्यवस्था विकसित करने की दिशा में प्रस्ताव भी रखा। ट्रेनर बिठले ने बताया कि आत्मीय संवाद कार्यशाला में मिले प्रशिक्षण से जिले की जनता को लाभांवित करने का प्रयास किया जाएगा। जिसके लिए जल्द ही प्रशासनिक कर्मचारियों, शिक्षकों, छात्राओं और नागरिकों से आत्मीय संवाद को लेकर कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# बालाघाट के तुरकर भवन में राखी मेले का हुआ शुभारंभ, 25 अगस्त तक सजेगा राखी मेला..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन बालाघाट एवं मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित ÷राखी मेला 2026÷ का शुभारंभ शनिवार को तुरकर भवन, अंबेडकर***

चौक बालाघाट में हुआ। मेला 22 से 25 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। मेले के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, जिला परियोजना प्रबंधक सुश्री श्वेता मेहतो, जिला प्रबंधक श्री मुकेश बिसेन, श्री शशांक तिवारी, श्री दिनेश कुमार साहू, श्री मुकेश गोखे सहित स्व-सहायता समूहों की दीदियां उपस्थित रहीं। अतिथियों ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार की गई राखियों एवं अन्य उत्पादों का अवलोकन कर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

मेले में ग्रामीण स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा तैयार की गई विभिन्न प्रकार की आकर्षक राखियां एवं अन्य हस्तनिर्मित उत्पाद बिक्री एवं प्रदर्शन के लिए उपलब्ध हैं। मेले का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उनके उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराना, उनकी आय में वृद्धि करना तथा स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विकासखंड प्रबंधक श्रीमती स्वाती बिसेन, श्री शैलेन्द्र कायस्थी, श्री तिलकराज सिंह, श्री अंकित लाजेवार सहित विभिन्न विकासखंडों से आई स्व-सहायता समूहों की दीदियां उपस्थित रहीं।

**जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि 22 से 25 अगस्त तक तुरकर भवन, अंबेडकर चौक बालाघाट में आयोजित राखी मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें, स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित राखियों एवं अन्य उत्पादों की खरीदारी करें तथा ग्रामीण महिलाओं के हुनर, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करें।**

# रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन मे संपन्न हुई गोंगपा की जिला स्तरीय बैठक, संगठन विस्तार और सक्रियता पर हुआ मंथन..



**जगप्रेरणा बालाघाट।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी गोंगपा बालाघाट की जिला स्तरीय बैठक 22 अगस्त को वीरांगना रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन बालाघाट में हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी शामिल होकर जिले में संगठन की गतिविधियों, पार्टी की कार्यप्रणाली और आगामी रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तिरु कमलेश तेकाम, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रभाग तिरु अनिल धुर्वे, राष्ट्रीय महामंत्री एवं लोकसभा प्रभारी तिरु अमान सिंह पोर्ते तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री तिरु हरेंद्र मार्को सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। जिला स्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में पार्टी की वर्तमान स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता की समीक्षा करना है। बैठक में आगामी समय में गोंगपा को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में और अधिक मजबूत बनाने, नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने तथा पार्टी की विचारधारा और कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। पार्टी पदाधिकारी जिले में संगठन के विस्तार को लेकर अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही जहां संगठनात्मक स्तर पर कमियां हैं, उन्हें चिन्हित कर दूर करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर भी चर्चा की गई। जिला स्तरीय बैठक के साथ ही दोपहर में वीरांगना रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में वार्ता आयोजित की गई। जिसमें पार्टी की ओर से बैठक में लिए गए निर्णयों, संगठन की आगामी गतिविधियों और जिले में पार्टी के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

ग्रेसियस् कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC ,ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग
बी.एस.सी. नर्सिंग
4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन. सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड , बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time /Full Time
AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति* SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology /Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

विज्ञापन संकलन
मो. हासिब खान
जिला सिवनी
संपर्क - मो. 7898530101

3 रविवार 23 अगस्त 2026
जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 302 के मामले में विचाराधीन कैदी की बिगड़ी तबियत, उपचार के दौरान मौत





**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिला जेल सिवनी में हत्या के मामले में बंद विचाराधीन कैदी संकेत ठाकुर की शुक्रवार रात अचानक तबियत बिगड़ गई।***

सीने में दर्द की शिकायत के बाद जेल प्रशासन ने उसे प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। यहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार संकेत ठाकुर हत्या के मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत प्रकरण में विचाराधीन कैदी के रूप में जिला जेल सिवनी में निरुद्ध था। शुक्रवार रात जेल में रहते समय उसने अचानक सीने में दर्द और तबियत खराब होने की शिकायत की। जेल कर्मचारियों द्वारा उसे प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसकी जांच की, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जेल प्रहरी नरेंद्र डहरवाल ने बताया कि बंदी की अचानक तबियत बिगड़ी थी। वह सीने में दर्द की शिकायत कर रहा था। जेल में प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

कैदी की मौत की सूचना मिलने के बाद संबंधित पुलिस अधिकारियों को भी जानकारी दी गई। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। प्रारंभिक तौर पर सीने में दर्द और अचानक स्वास्थ्य खराब होने की बात सामने आई है, हालांकि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और चिकित्सकीय जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

विचाराधीन कैदी की अस्पताल में मौत होने के कारण जेल प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत हृदय संबंधी समस्या, किसी अन्य बीमारी अथवा किसी अन्य चिकित्सकीय कारण से हुई। मामले में पुलिस और जेल प्रशासन द्वारा आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है।

# जिला कांग्रेस समन्वय समिति सिवनी की बैठक आयोजित..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

***मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस समन्वय समिति सिवनी की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष***


नरेश मरावी की उपस्थिति में जिला प्रभारी सोहन लाल वाल्मीकी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, बैठक में विशेष रूप से केवलारी विधायक ठा. रजनीशसिंह, लखनादौन विधायक योगेन्द्रसिंह बाबा, बरघाट पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया उपस्थित हुये।

समन्वय समिति की बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा कहा गया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी पदाधिकारियों का कार्य विभाजन राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान के तहत किया जाना है जिसमें उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव को अलग अलग प्रभार दिये जाऐंगे। प्रत्येक ब्लॉक अध्यक्ष के सहयोग के लिए प्रभारी नियुक्त किए जायेंगे समन्वय समिति के सदस्यों को अपने अपने ब्लॉक में दौरा करना होगा। प्रभारी सोहन वाल्मीकी जी ने कहा कि जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित ब्लॉक और मंडलम कांग्रेस अध्यक्षो का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफ्लता पूर्वक आयोजित होने पर जिला कांग्रेस और पूरी टीम को बधाई, प्रशिक्षण शिविर में दिये गए निर्देशो का पालन करें, अनुपस्थित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो को नोटिस जारी करें, प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दिये गए (टॉस्क)समय सीमा में किये जाने वाले कार्यो को पूर्ण कर जानकारी दे। ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यो की जानकारी जिला और प्रदेश कांग्रेस को फोटो सहित कार्य की लिखित जानकारी भेजे। स्थानीय निकाय और जिला पंचायत चुनाव के लिए ठोस कार्य योजना बनाकर प्रभारी नियुक्त करें। लखनादौन विधायक योगेन्द्रसिंह बाबा ने कहा कि ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा कई दिनों से बैठक नही रखी गई है मेरी ओर लखनादौन ब्लॉक अध्यक्षों को कार्य करने की पूर्ण स्वतंत्रता है। कुछ ब्लॉक अध्यक्षों को जिला कांग्रेस बैठक में उपस्थित होने से परेशानी रहती है तो उन्हें वर्चुअल मीटिंग में जोड़ने की व्यवस्था करें, बैठक में हाजी मो. असलम खान, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, तेजसिंह पटेल, विकास बघेल, गुलाब साहू, शीत तिवारी, हरिओम शिवहरे, तनवीर अहमद, देवेन्द्र ठाकुर, हर्षवर्धन लकी बघेल ने अपने सुझाव रखें।

बैठक में विनोद वासनिक, ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, सुरेन्द्र करोसिया, घनश्याम सनोडिया, शिव सनोडिया, प्रकाश सूर्यवंशी, राजिक अकील, राजेश दुबे, देवीसिंह चैहान, विष्णु करोसिया, आदित्य मोन्टू भूरा, अनीस खान, धनंजय सिंह, विनोद यादव, राहुल उइके, विजय उइके, नितिन डहेरिया, विपिन यादव की उपस्थिति रही।

# छपारा से विशाल कावड़ यात्रा 24 को

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें मो. 9329033433



**जगप्रेरणा छपारा।**

***प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल कावड़ यात्रा दिनांक 24/ 08/ 2026 दिन सोमवार को निकल जाएगी जो छपारा नगर के सिद्ध बाबा घाट***

से सुबह 9:00 बजे जल लेकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए परम पूज्य जगतगुरु शंकराचार्य महाराज जी के गुरुधाम दिघोरी पहुंच कर गुरू रत्नेश्वर भगवान का जलाभिषेक करेंगे। यह विशाल कावड़ यात्रा केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रजनीश हरवंश सिंह एवं छपारा के सभी धर्म प्रेमी बंधुओ की ओर से आयोजित की जा रही है आप सभी श्रद्धालु भक्तजनों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर के कावड़ यात्रा को सफल बनाएं और पुण्य लाभ अर्जित करें।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थल चयन को लेकर राजपूत क्षत्रिय समाज की बैठक आज..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***सिवनी शहर में राजपूत क्षत्रिय समाज के गौरव एवं वीरता के अमर प्रतीक वीरशिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए स्थल चयन को लेकर***

राजपूत (क्षत्रिय) समाज की आवश्यक बैठक 23 अगस्त, रविवार को दोपहर 2 बजे राजपूत क्षत्रिय मंगल भवन मुंगवानी रोड भैरोगंज सिवनी में आयोजित की जा रही है। बैठक में नगरपालिका परिषद सिवनी द्वारा प्रतिमा स्थल चयन के संबंध में चर्चा एवं विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय सामाजिक विषयों, सामाजिक सदस्यता तथा सामाजिक भवन से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

क्षेत्रीय समिति सिवनी ने बैठक में ग्राम समिति, नगर समिति, नवयुवक मंडल, महिला मंडल सहित समाज के सभी सम्माननीय सामाजिक बंधुओ को आमंत्रित किया है। क्षेत्रीय समिति सिवनी ने समाज के सभी सामाजिक बंधुओ से बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं सहभागिता देने की अपील की है।

# किन्नर समाज की बसों को कान्हीवाडा पुलिस ने रोका, पूछताछ के बाद छोड़ा..







**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले के कान्हीवाडा थाने के सामने पुलिस द्वारा किन्नर समाज के लोगों से भरी बसों को रोके जाने के बाद मौके पर किन्नरों ने नाराजगी जताई।***

जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र से आए किन्नर समाज के लोग दो बसों में सवार होकर पलारी की ओर जा रहे थे, जिन्हें कान्हीवाड़ा पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया।

बस रोके जाने से आक्रोशित किन्नर समाज के लोगों ने पुलिस कार्रवाई का विरोध किया, जिससे कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस अधिकारी और किन्नर समाज के प्रतिनिधियों के बीच लगातार बातचीत चल बाद में दोनों बसों में सवार किन्नरों को जाने दिया गया है।

कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी संतोष पन्द्रे का कहना है कि वाहनों की चेकिंग के दौरान 2 बसों में किन्नर समाज के लोग जाते हुए दिखसी दिए जिन्हें रोककर पुछताछ की गई कि आखिर इतने सारे लोग कहाँ जा रहे हैं। पूछताछ में बात सामने आई कि पलारी के पास बीते वर्ष 1 किन्नर की मौत हो गई थी,जिसके बाद अब ये किन्नर उसके घर जाकर परिजनों से मिलने जा रहे हैं।

# सिवनी कोतवाली में किन्नर समाज ने दर्ज कराई शिकायत



## बाहरी प्रदेशों के किन्नरों की अवैध घुसपैठ का आरोप, एनसीआर दर्ज, पुलिस कर रही जांच..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले में किन्नर समाज के दो गुटों के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर विवाद गहरा गया है। संजय वार्ड टिग्गा मोहल्ला निवासी जिले के किन्नर समाज की गुरु, कशिश नायक किन्नर ने अपने साथियों के साथ सिवनी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है।***

कोतवाली पुलिस ने मामले में एन.सी.आर. क्रमांक 0649/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 352 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। शिकायतकर्ता 37 वर्षीय कशिश नायक ने पुलिस को बताया कि कई पीढ़ियों से उनके गुरु दादगुरु सिवनी और सिवनी के चारों ओर के इलाके में नेग मांगते आ रहे हैं, जिसका प्रमाण उनके पास है। विगत कुछ महीनों से महाराष्ट्र एवं अन्य प्रदेशों के कुछ किन्नर सिवनी जिले के भोमा, कान्हीवाड़ा, पलारी, केवलारी, बरघाट क्षेत्रों में आकर अवैध तरीके से वसूली कर रहे हैं।जब स्थानीय किन्नर समाज द्वारा उन्हें समझाइश दी गई कि आप यहां क्यों घूम रहे हैं, यहां से चले जाइए, तो आरोपी बेबी नायक एवं उसका चेला मुस्कान निवासी नागपुर (महाराष्ट्र) और अन्य लोगों द्वारा गाली-गलौज कर गोली मारने की धमकी दी गई। प्रार्थी के अनुसार दो दिन पूर्व भी इस संबंध में थाने में सूचना दी गई थी, लेकिन 22 अगस्त को पुनः वही लोग सैकड़ो चेलों के साथ गाड़ियों में घूमते देखे गए। प्रार्थी ने आशंका जताई है कि भविष्य में बेबी नायक या उसके चेलों द्वारा कोई घटना घटित की जा सकती है।

# मथुरा वृन्दावन तीर्थ यात्रा 30 अगस्त से 02 सितम्बर तक..


**जगप्रेरणा सिवनी।**

***नगर पालिका प्रशासन सिवनी द्वारा नगरवासियों को सूचित किया गया है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना***

अंतर्गत सिवनी जिले के लिये मथुरा वृन्दावन तीर्थ यात्रा दिनांक 30 अगस्त से 02 सितम्बर 2026 तक नियत की गई है। यात्रा हेतु फार्म भरने की अंतिम तिथी 25 अगस्त 2026 है। नागरिको से अपील है कि नियत तिथी के पूर्व अपना आवेदन नगर पालिका सिवनी अथवा जनपंद पंचायत सिवनी में जमा करे।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद 7898530101

# कान्हीवाड़ा बस स्टैंड पर एक साथ चार दुकानों में चोरी..



**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

***सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा में पुलिस की उदासीनता के कारण चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद नजर आ रहे हैं। पुलिस थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित बस स्टैंड पर चोरों ने एक***

साथ चार दुकानों को अपना निशाना बनाया और चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बीती रात चोरों ने बेखौफहोकर चार प्रमुख दुकानों के ताले तोड़े जिसमें जैन होटल साहू कृषि केंद्र सजनी ब्यूटी पार्लर एवं जनरल स्टोर कान्हा स्वीट्स घटनास्थल थाने से केवल 100 मीटर की दूरी पर है, इसके बावजूद चोर आसानी से चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। यह पूरी घटना दुकानों में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके फुटेज पुलिस की मदद के लिए उपलब्ध हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इलाके में रात के समय पुलिस गश्त न के बराबर होती है, जिसके चलते लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं।

इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों और दुकानदारों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस से मांग की है कि इलाके में रात्रि गश्त को तुरंत बढ़ाया जाए और क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधों पर जल्द से जल्द लगाम लगाई जाए ताकि व्यापारी सुरक्षित महसूस कर सकें।




न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# जिपं सभापति केसर बिसेन ने सिरपुर स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, सुविधाएं दुरुस्त कराने का दिया भरोसा

### छत से सीपेज, क्षतिग्रस्त पानी टंकी और उखड़ता फर्श देख जताई चिंताय बोलीं- उपलब्ध बजट से प्राथमिकता पर होंगे जरूरी काम''..





**जगप्रेरणा कटंगी।**

***प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरपुर में व्याप्त मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को जिला पंचायत की महिला एवं बाल विकास सभापति केसर बिसेन ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएमओ डॉ. विनोद भलावी के साथ अस्पताल का जायजा लिया और***

स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान अस्पताल स्टाफने भवन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी सभापति को दी। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि अस्पताल की छत से बरसात का पानी सीपेज होने के कारण भवन में परेशानी हो रही है। अस्पताल की पानी टंकी भी क्षतिग्रस्त बताई गई, जिससे निस्तार के लिए पानी की समस्या बनी हुई है। इसके अलावा अस्पताल का टाइल्सयुक्त फर्श कई स्थानों से उखड़ने लगा है। अस्पताल के सामने टीन शेड नहीं होने के कारण बारिश के दौरान मरीजों और कर्मचारियों के वाहनों की पार्किंग में भी दिक्कत होती है।

### फर्नीचर क्षतिग्रस्त होने से बैठक व्यवस्था प्रभावित

स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने बताया कि अस्पताल का फर्नीचर भी क्षतिग्रस्त हो चुका है। इससे मरीजों के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। स्टाफ के अनुसार अस्पताल में मरीजों के उपचार के लिए दवाइयां और आवश्यक स्टाफउपलब्ध है, लेकिन भवन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण जांच और उपचार की प्रक्रिया में परेशानी आती है। कर्मचारियों की समस्याएं सुनने के बाद सभापति केसर बिसेन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में मेंटेनेंस के लिए उपलब्ध राशि का उपयोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरपुर की आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त करने में किया जाएगा। उन्होंने बीएमओ को उपलब्ध बजट के अनुसार जरूरी कार्यों को प्राथमिकता से कराने का सुझाव दिया।

### अतिरिक्त बजट की जरूरत पड़ी तो करेंगे मांग

केसर बिसेन ने कहा कि यदि किसी कार्य के लिए अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होगी तो बजट की मांग की जाएगी। उनका प्रयास रहेगा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मूलभूत सुविधाओं को पुनर्स्थापित किया जाए, ताकि अस्पताल के कर्मचारियों के साथ ग्रामीण मरीजों को भी बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी अस्पताल में केवल डॉक्टर, उपचार और दवाइयों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है। चिकित्सा स्टाफऔर मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाओं का बेहतर होना भी उतना ही जरूरी है। अस्पताल की समस्याओं को उन्होंने गंभीरता से लेते हुए कहा कि इन सभी मुद्दों को आगामी जिला पंचायत की सामान्य सभा और प्रशासन समिति की बैठक में रखा जाएगा।

सभापति ने कहा कि बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष अस्पताल की समस्याओं पर चर्चा कर उनके निराकरण के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर प्राथमिकता के आधार पर काम कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान बीएमओ डॉ. विनोद भलावी, डॉ. लक्ष्मी चैधरी, डॉ. रश्मि राहंगडाले, पूर्व सरपंच नीलू ठाकरे, प्रदीप ठाकरे सहित स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफएवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# तहसीलदार के आदेश पर निजी भूमि की खुदाई, भूस्वामी ने जताई आपत्ति..

### खमरियां पंचायत में नाली निर्माण को लेकर विवाद, बिना एस्टीमेट और कार्ययोजना के जेसीबी से खुदाई का आरोप



**जगप्रेरणा खमरिया।**

जनपद की खमरिया पंचायत में नाली निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि बारिश के पानी की निकासी की शिकायत के बाद तहसीलदार के आदेश पर सिवनी मुख्य मार्ग किनारे एक खाली प्लॉट के सामने करीब 50 मीटर लंबा गड्ढा जेसीबी से खुदवा दिया गया। प्लॉट मालिक यशवंत टेम्भरे ने इस कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए इसे राजनीतिक दबाव में की गई द्वेषपूर्ण कार्रवाई बताया है। उन्होंने मामले को लेकर न्यायालय की शरण लेने की बात कही है। बताया गया कि खमरिया पंचायत क्षेत्र में बारिश के दौरान पानी निकासी की समस्या के कारण कुछ घरों में पानी भरने की स्थिति बन रही थी। समस्या के समाधान के लिए पंचायत सरपंच की ओर से पाइप डालकर पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, शिकायतकर्ता इस व्यवस्था से संतुष्ट नहीं था और उसने मामले की शिकायत तहसीलदार से की।

### शिकायत के बाद दूसरे स्थान पर खुदवा दिया गड्ढा

शिकायत के बाद तहसीलदार के मौके पर पहुंचने की बात कही जा रही है। आरोप है कि जिस स्थान पर जलभराव की समस्या बताई गई थी, उसके बजाय सिवनी मुख्य मार्ग के दूसरे छोर पर स्थित यशवंत टेम्भरे के खाली प्लॉट के सामने जेसीबी से करीब 50 मीटर लंबा गड्ढा खुदवा दिया गया। कार्रवाई के बाद से ही स्थानीय स्तर पर इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पानी निकासी के लिए नाली बनाई जा रही थी तो उसका प्रारंभिक और अंतिम बिंदु स्पष्ट होना चाहिए था। साथ ही पानी की निकासी कहां होगी, इसकी समुचित योजना भी जरूरी है। ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर केवल गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे समस्या का समाधान होने के बजाय दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।

### एस्टीमेट और तकनीकी स्वीकृति को लेकर सवाल

मामले में स्थानीय लोगों ने नाली निर्माण की प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि मौके पर किए गए काम के संबंध में न तो कोई एस्टीमेट दिखाई दे रहा है और न ही तकनीकी स्वीकृति अथवा स्पष्ट कार्ययोजना की जानकारी सामने आई है। आरोप यह भी है कि नाली का संपूर्ण निर्माण नहीं हुआ है और खुदाई के बाद काम अधूरा छोड़ दिया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सिवनी मुख्य मार्ग पर लगातार वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में सड़क किनारे खुला और अधूरा गड्ढा विशेषकर रात के समय दुर्घटना का कारण बन सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल निकासी के लिए खुदाई की गई है तो उसे व्यवस्थित रूप से पूरा किया जाना चाहिए, ताकि पानी की निकासी भी हो और लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित रहे।

### सड़क और अधिकार क्षेत्र को लेकर भी उठे सवाल

मामले में यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि संबंधित मुख्य मार्ग एमपीआरडीसी के अधीन बताया जाता है, जबकि नाली निर्माण का मामला पंचायत क्षेत्र से जुड़ा है। ऐसे में सड़क किनारे इस तरह की खुदाई किस विभागीय प्रक्रिया और अनुमति के तहत की गई, इसे लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा है। ग्रामीण पूरे मामले की जांच और कार्रवाई की वैधानिक प्रक्रिया स्पष्ट किए जाने की मांग कर रहे हैं।

### राजनीतिक दबाव के आरोप

यशवंत टेम्भरे ने कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उनके खाली प्लॉट के सामने नाली खोदने का कोई औचित्य नहीं है। उनके अनुसार, पानी निकासी की समस्या किसी अन्य स्थान पर है, जबकि खुदाई उनके प्लॉट के सामने कराई गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव के चलते उन्हें परेशान करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है।टेम्भरे ने कहा कि वह मामले में न्यायालय की शरण लेंगे और कार्रवाई की वैधानिकता को चुनौती देंगे। हालांकि, प्रशासन की ओर से इस कार्रवाई को लेकर आधिकारिक पक्ष सामने आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# विधायक गौरव पारधी ने 15.95 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन..

### बोनकट्टा में भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल हुए विधायक





**जगप्रेरणा तिरोड़ी।**

***क्षेत्रीय दौरे के दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी ने तिरोड़ी तहसील अंतर्गत ग्राम दिग्धा में ग्रामवासियों की उपस्थिति में 15.95 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामवासियों को सामाजिक,***

सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए एक सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामवासियों से संवाद कर गांव की स्थानीय आवश्यकताओं एवं विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित विषयों के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

### विकास कार्यों से ग्रामों में बढ़ेंगी सुविधाएं - विधायक गौरव पारधी

इस अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि ग्राम दिग्धा में सामुदायिक भवन जैसे विकास कार्य ग्रामीणों की आवश्यकताओं को पूरा करने और गांवों में सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। क्षेत्र में सड़क, भवन, बिजली, पेयजल सहित मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक अधोसंरचना विकसित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विकास का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसी उद्देश्य के साथ स्थानीय आवश्यकताओं और जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों के माध्यम से निराकृत कराने के प्रयास जारी हैं।

कार्यक्रम में सरपंच समलो कंगाले, उपसरपंच दिलीप गुप्ता, मंडल अध्यक्ष योगेश सोनवाने, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष प्रकाश सोनवाने, जनपद सदस्य नीलेश पुष्पतोड़े, विनोद पंचभाई, महामंत्री मोरेश्वर नागवंशी, आशीष डहरवाल, वैभव डहरवाल, पेमेंद्र पारधी, नीलमचंद पारधी, कुनेश रहांगडाले, पांडुरंग गा., अजेय जगने, शरद सहारे, सपनेश डहरवाल, प्रकाश पारधी सहित समस्त पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बोनकट्टा में गूंजा हर-हर महादेव, कांवड़ यात्रा में शामिल हुए विधायक

क्षेत्रीय दौरे के दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी ग्राम बोनकट्टा में आयोजित भव्य कांवड़ यात्रा में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ कांवड़ यात्रा में सहभागिता की और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में निकली कांवड़ यात्रा भक्तिभाव और आस्था से सराबोर रही।

कांवड़ यात्रा के दौरान विधायक ने बावनथड़ी मैया के पावन तट पर पहुंचकर मां बावनथड़ी को प्रणाम किया तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजनों में समाज की एकजुटता और श्रद्धा का भाव देखने को मिलता है।

कांवड़ यात्रा में कविता अरविंद देशमुख, राहुल देशमुख, प्रकाश सोनवाने, योगेश सोनवाने, अविनाश देशमुख, वरुण देशमुख, नितेश पुष्पतोड़े, चमन डोगरवार, दिलीप गुप्ता, संजय पुष्पतोड़े, सुखदेव हाड़ेंगे, मिलिंद बोरकर, कुंदन बोरकर, रामेश्वर बिसेन, हरदौली सरपंच, दुर्गेश वाहने, भागचंद हाड़ेंगे, शिव अग्रवाल, बम्हनी सरपंच, कड़ंगांव सरपंच, विजय कपगते, प्रवीण अग्रवाल, प्रियांश राउत, देव पवार सहित बोनकट्टा, हरदौली एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और साथीगण उपस्थित रहे।

## कुंडेकसा में मंत्री डॉ. विजय शाह ने अस्थाई अस्पताल का किया निरीक्षण..

# बैगा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के साथ 25 हजार की आबादी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने के प्रस्ताव भेजने के निर्देश..

**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**





मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने शुक्रवार को बिरसा विकासखंड के ग्राम कुंडेकसा पहुंचकर बीमार बच्चों एवं व्यक्तियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बनाए गए अस्थाई अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही अस्थाई अस्पताल में सेवाएं दे रहे चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों से चर्चा कर उपलब्ध दवाओं तथा अन्य आवश्यक सामग्री की जानकारी ली। मंत्री डॉ. शाह ने कुंडेकसा में एक एम्बुलेंस स्थायी रूप से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में एएनएम की आवश्यकता है, वहां पदस्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु भेजे जाएं। उन्होंने पाथरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने का प्रस्ताव तैयार करने के साथ ही जनजातीय क्षेत्रों में 25 हजार की आबादी पर एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मापदंड के अनुसार अन्य पात्र स्थानों पर भी स्वास्थ्य केंद्र खोलने के प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए।

### बैगा जनजाति के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों के शिविर लगेंगे..

मंत्री डॉ. शाह ने कुंडेकसा में कहा कि बैगा जनजाति के लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शीघ्र ही विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों को बुलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में शामिल होने वाले बैगा जनजाति के लोगों के आने-जाने तथा भोजन की व्यवस्था जनजातीय कार्य विभाग द्वारा की जाएगी।

### महिलाओं से राशन, स्वच्छता और पेयजल को लेकर की चर्चा..

मंत्री डॉ. शाह ने बैगा जनजाति की महिलाओं से संवाद कर पूछा कि उन्हें नियमित रूप से राशन मिल रहा है या नहीं। महिलाओं ने बताया कि उन्हें राशन प्राप्त हो रहा है। मंत्री ने महिलाओं से सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा साफ एवं उबालकर पानी पीने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीमारी के कारण बच्चों की मृत्यु हुई है, जिसका मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने उन्हें बैगा समाज के लोगों से मिलने, उनकी पीड़ा साझा करने और उन्हें यह भरोसा दिलाने के लिए भेजा है कि प्रदेश सरकार दुख की इस घड़ी में उनके साथ खड़ी है और हर संभव मदद करेगी।

### कुपोषण दूर करने और आय का जरिया उपलब्ध कराने बनेगी थ्री लेयर नर्सरी..

मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि बैगा जनजाति में कुपोषण की समस्या को दूर करने और परिवारों को आय का अतिरिक्त जरिया उपलब्ध कराने के लिए जनजातीय कार्य विभाग द्वारा थ्री लेयर नर्सरी योजना तैयार की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत बैगा हितग्राहियों को कंद वाली फसल, फल वाली फसल एवं बेल वाली फसलों के बीज सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। योजना पर कार्य जारी है।

### बैगा बहुल क्षेत्रों में खुलेंगे बैगा मार्ट..

मंत्री डॉ. शाह ने समाजसेवी रामेश्वर कटरे द्वारा बैगा जनजाति की महिलाओं एवं बच्चों को कपड़े और चप्पल वितरित किए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के अन्य सक्षम एवं समाजसेवी लोगों को भी जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरों में संचालित मॉल की तर्ज पर बैगा बहुल क्षेत्रों में 'बैगा मार्ट' खोलने की दिशा में जनजातीय कार्य विभाग काम करेगा। इन मार्ट में बैगा जनजाति के लोगों के लिए कपड़े एवं अन्य आवश्यक सामग्री सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी।

### स्कूल और आंगनबाड़ी तक पहुंच के लिए सीमेंट-कांक्रीट सड़क के निर्देश..

मंत्री डॉ. शाह ने बैगा जनजाति बहुल ग्रामों में स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंच के लिए सीमेंट-कांक्रीट सड़कें बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कुंडेकसा की प्राथमिक शाला तक भी सीमेंट-कांक्रीट सड़क बनाए जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर समाजसेवी रामेश्वर कटरे की ओर से बैगा महिलाओं को साड़ियां एवं चप्पल, बच्चों को कपड़े तथा मच्छरदानियां वितरित की गईं।

कार्यक्रम में सांसद श्रीमती भारती पारधी, लांजी विधायक श्री राजकुमार कर्राहे, मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगतसिंह नेताम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनुपमा नेताम, कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ड्राइविंग लाइसेंस में सरनेम संशोधन हेतु सूचना..

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री Suklal Mandavi, पिता का नाम श्री Mohan Lal Mandavi, के ड्राइविंग लाइसेंस में सरनेम अंकित करते समय त्रुटिवश मेरावी Meravi दर्ज हो गया है। अतः संबंधित विभाग/प्राधिकारी से अनुरोध है कि उक्त त्रुटि का सुधार करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस में सरनेम Meravi के स्थान पर Mandavi दर्ज किया जाए। साथ ही मेरावी Meravi को भविष्य में मंडावी Mandavi पढ़ा जावे।**






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# ग्राम पनबिहरी में अवैध कारोबार से त्रस्त महिलाओं का फूटा गुस्सा, थाने पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार

## गांव में कच्ची शराब, गांजा, जुआ-पत्ती और सर्राटी नदी से अवैध रेत खनन का आरोप, रात 1.30 बजे के बाद चलता है रेत का अवैध काला कारोबार



जगप्रेरणा लालबर्रा।

***लालबर्रा तहसील मुख्यालय से लगे ग्राम पनबिहरी में चल रहे अवैध काले कारोबारों से परेशान दर्जनों से अधिक महिलाओं ने गुरुवार को एकजुट होकर थाने का घेराव किया तथा आवेदन पत्र देकर पुलिस प्रशासन से सभी अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।***

उक्त मामले में महिला भारती गणेश यादव सहित अन्य ने बताया कि उनके गांव पनबिहरी में लंबे समय से कच्ची-पक्की शराब,गांजा,जुआ-पत्ती और देर रात्रि के दौरान सर्राटी नदी से ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध रेत खनन का कारोबार बेखौफचल रहा है। शराब और गांजा के कारण ग्राम के पुरुष और युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जा रही है।नाबालिग से लेकर युवा बच्चे तक शराब और गांजा पीने लगे हैं जिससे उनका मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है और घर-घर में झगड़े बढ़ रहे हैं तथा ग्राम की महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### अवैध रेत खनन के कारण रात में सोना हुआ मुश्किल

ग्राम पनबिहरी की महिलाओं का आरोप है कि ग्राम से लगी सर्राटी नदी से रोजाना ट्रैक्टरों में माध्यम से बड़ी मात्रा में रेत का अवैध खनन रात्रि 10.30 बजे के बाद शुरू होता है जो कि रात्रि 3.00 बजे तक चलता रहता है जिससे रात्रि में पूरे गांव की नींद खराब होती है।ट्रैक्टर-ट्रालियों की आवाजाही से फर्राटेदार आवाज होने की वजह से महिलाएं और बच्चे सो नहीं पाते जिससे रोजमर्रा की दिनचर्या पर भी गलत असर पड़ रहा है।

### कई शिकायतों के बाद भी नहीं होती कार्रवाई

महिलाओं ने बताया कि उन्होंने इन अवैध मामलों को लेकर कई बार थाने और जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित आवेदन दिया है,जिसमें अवैध शराब और गांजा बेचने वालों के नाम तक लिखे हैं लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई पुलिस कभी कभार छुट पुट कार्यवाही कर औपचारिकता पूर्ण करने का कार्य करती है लेकिन सख्ती से इन सभी काले कारोबारों पर कार्यवाही नहीं की जाती।

इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इन अवैध कारोबारियों को जिम्मेदारों का संरक्षण प्राप्त है जिसके कारण यह अवैध कारोबार दिनों दिन बढ़ता और फैलता जा रहा है और जिसके दुष्प्रभाव गांव में घर-घर देखने को मिल रहे है। महिलाओं ने बताया कि आज थाने में आकर आवेदन देने पर पुलिस द्वारा हमें सिर्फ÷उठाकर ला रहे हैं÷ कहकर आश्वासन दिया गया है अब देखना होगा कि लालबर्रा पुलिस द्वारा महिलाओं को दिया गया आश्वासन आगे कितना कारगर सिद्ध होता है।

### महिलाओं की मांग

आक्रोशित महिलाओं ने आगे कहा कि अगर इस अवैध मामलों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगी साथ ही ग्रामीण महिलाओं ने शासन प्रशासन से मांग की है कि पनबिहरी में चल रहे शराब, गांजा और जुए के अड्डे बंद किए जाएं तथा लालबर्रा की जीवनदायिनी सर्राटी नदी से रोजाना हो रहे अवैध रेत खनन पर रात में गश्त बढ़ाकर कार्यवाही की जाए जिससे इन सभी अवैध कामों पर लगाम लगाई जा सके। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं थाने के बाहर मौजूद रहीं।

# बड़गांव में अखंड रामायण पाठ से समृद्ध गांव की हुई कल्पना, मेरा गाँव मेरा परिवार और विकास का लिया संकल्प







जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी-किरनापुर क्षेत्र के ग्राम बड़गांव में हनुमान मंदिर परिसर में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ समिति, स्थानीय ग्राम समितियों एवं अभिनंदन लाइफफाउंडेशन के सहयोग से आयोजित अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ***

का 21 अगस्त को शुभारंभ होकर 22 अगस्त को विश्रांति के साथ समापन हुआ। धार्मिक आयोजन के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, नशामुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़ी विभिन्न सेवा गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

राम यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने घरों के सामने दीप सजाकर, पूजा की थाली से भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। बैंड-बाजे और भजनों के साथ निकली राम यात्रा में ग्रामीणों का उत्साह और श्रद्धा देखा।

### हरियाली से समृद्ध होगा गांव, पौधारोपण से सुरक्षित होगा भविष्य

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के निर्माण के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान में ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पेड़-पौधे केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे मानव जीवन के लिए प्राणवायु, जल संरक्षण और जैव विविधता के आधार हैं।

### हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम में दिखी नारी शक्ति, संस्कार और एकता की सुंदर झलक

महिलाओं के बीच आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर शुभकामनाएं दीं।

### हवन-यज्ञ और कन्या पूजन से गूंजा आध्यात्मिक वातावरण, संस्कारों का दिया संदेश

धर्म, संस्कार और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से हवन-यज्ञ एवं कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ में आहुति दी और सुख, शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

हवन-यज्ञ के दौरान वातावरण वैदिक मंत्रों और धार्मिक जयघोष से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति अर्पित करते हुए समाज में सद्भाव, संस्कार, सेवा और सकारात्मक विचारों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इसके पश्चात कन्या का आयोजन किया गया। कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका विधिवत पूजन किया गया, उन्हें तिलक लगाकर सम्मानित किया गया तथा भोजन एवं प्रसाद ग्रहण कराया गया। कन्या पूजन के माध्यम से बेटियों के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया गया।

### ग्राम बहेला में भी अखण्ड पाठ का शुभारंभ

इसी क्रम में ग्राम बहेला में 22 अगस्त 2026 को स्थानीय नागरिकों, ग्राम समितियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से संगीतमय अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन 22 अगस्त को विश्रांति के साथ स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं महाप्रसाद के साथ किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के इस अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।

# शहादत दिवस कार्यक्रम में शहीद दसाराम फूलमारी को श्रद्धांजलि..





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन, बालाघाट के तत्वावधान में 20 अगस्त 2026, गुरुवार को शाम 5 बजे गोलिबारी चौक स्थित शहीद दसाराम फूलमारी (डाकिया) स्मारक स्थल पर शहादत दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष राघवेन्द्र अग्रवाल सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी एवं गणमान्य नागरिक स्मारक स्थल पर एकत्रित हुए। तत्पश्चात सभी ने देशभक्ति के नारों के साथ शहादत स्थल तक पहुँचकर अमर शहीद दसाराम फूलमारी (डाकिया) जी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बलिदान को नमन किया।

इस अवसर पर 1 अगस्त से 31 अगस्त के मध्य देहावसान हुए दिवंगत श्रद्धेय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, विशेष रूप से दिवंगत कस्तूरचंद जी वर्मा एवं दिवंगत दद्दूलाल जी बोरकर को भी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को स्मरण किया गया।

कार्यक्रम में संगठन अध्यक्ष राघवेन्द्र अग्रवाल, देवाजी मराठे, डॉ. वीरेन्द्र जैन, दिलीप मराठे, आतेंद्र जैन, राजेश रूसिया, सुरेश मोदी, चंद्रकिशोर बुर्डे, प्रफुल्ल जुमले, मंगेश चापुकर, संजय अटलानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी उपस्थित रहे।

# नगरवाड़ा स्टेशन पर इंटरसिटी के ठहराव और नई पैसेंजर ट्रेन की मांग

## 25 पंचायतों के ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा, रेल मंत्री को भेजा मांगपत्र..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***नगरवाड़ा रेलवे स्टेशन पर जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस (11701/11702) के ठहराव सहित क्षेत्र में एक अतिरिक्त पैसेंजर ट्रेन शुरू करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने रेल मंत्री को मांगपत्र भेजकर यात्रियों की समस्याओं के निराकरण की मांग की है।***

मांगपत्र में बताया गया है कि नगरवाड़ा सहित आसपास के करीब 25 पंचायतों के ग्रामीण वर्तमान में पर्याप्त रेल सुविधाओं के अभाव में परेशान हैं।

दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, छोटे व्यापारियों, मजदूरों और इलाज के लिए जिला मुख्यालय जाने वाले मरीजों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बसों का किराया अधिक होने के कारण गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ता है।

### इंटरसिटी के दो मिनट ठहराव की मांग

क्षेत्रवासियों ने जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस (11701/11702) का नगरवाड़ा स्टेशन पर कम से कम दो मिनट का प्रायोगिक ठहराव शुरू करने की मांग की है। उनका कहना है कि यह ट्रेन इस रेल मार्ग की महत्वपूर्ण ट्रेन है। नगरवाड़ा में ठहराव होने से क्षेत्र के लोगों को जबलपुर, रायपुर सहित अन्य शहरों तक सीधी और तेज रेल सुविधा मिल सकेगी।

### नई पैसेंजर ट्रेन चलाने का प्रस्ताव

मांगपत्र में इस रेल मार्ग पर एक अतिरिक्त पैसेंजर ट्रेन शुरू करने की मांग भी की गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नई लोकल ट्रेन नगरवाड़ा समेत छोटे स्टेशनों पर रुकते हुए संचालित की जाए, ताकि दूध विक्रेता, सब्जी व्यापारी, मजदूर, नौकरीपेशा लोगों और विद्यार्थियों को रोजाना कम किराए में आवागमन की सुविधा मिल सके। साथ ही डोंगरगढ़ की ओर सीधी ट्रेन सेवा शुरू होने से भी क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलने की बात कही गई है।

### नगरवाड़ा में पीआरएस विंडो की भी मांग

क्षेत्रवासियों ने नगरवाड़ा रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (क्क्र) की विंडो शुरू करने की मांग भी की है। मांगपत्र के अनुसार क्षेत्र की आबादी करीब एक लाख है, लेकिन रेल टिकट आरक्षण के लिए लोगों को लगभग 60 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय या करीब 30 किलोमीटर दूर नैनपुर जाना पड़ता है।

स्टेशन पर क्क्र सुविधा शुरू होने से यात्रियों को सुविधा मिलने के साथ रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होने की उम्मीद जताई गई है।

क्षेत्रवासियों ने रेल मंत्री से मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए इंटरसिटी का ठहराव, अतिरिक्त पैसेंजर ट्रेन और क्क्र सुविधा स्वीकृत करने की मांग की है। मांगपत्र की प्रतिलिपि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक बिलासपुर, मंडल रेल प्रबंधक नागपुर तथा नगरवाड़ा स्टेशन अधीक्षक को भी भेजी गई है।

मांगपत्र पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सांसद प्रतिनिधि सहित जिला बालाघाट एवं सिवनी के क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर हैं।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा..





अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***ग्राम पंचायत गढ़ी की सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी एवं रोगी कल्याण समिति की अध्यक्ष तथा पंच श्रीमती उर्मिला रंधवे, श्रीमती रोशनी परवार, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती चन्द्रकांता भौतेकर तथा नवांकुर संस्था प्रगति ग्राम जन विकास समिति गढ़ी के अध्यक्ष एवं***

वरिष्ठ पंच श्री अमित पाटिल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भूरिया मैडम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध आवश्यक दवाइयों के स्टॉक, दवाइयों की नियमित आपूर्ति तथा चिकित्सकीय एवं अन्य स्टाफकी उपलब्धता के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कार्यों एवं व्यवस्थाओं पर भी विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

निरीक्षण के दौरान भवन की मरम्मत, आवश्यक फर्नीचर की व्यवस्था, दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता एवं नियमित आपूर्ति, स्टाफकी कमी को दूर करने तथा बेहतर रसोई व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत आवश्यकताओं को चिन्हित किया गया। इन सभी विषयों पर आगामी दिनों में प्राथमिकता के आधार पर सुधार कार्य करवाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई।

इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं समिति के सदस्यों ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां आने वाले मरीजों को बेहतर वातावरण, आवश्यक दवाइयां एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को चरणबद्ध तरीके से सुदृढ़ करने की दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी।

पूरे निरीक्षण एवं चर्चा के दौरान सुपरवाइजर श्री विनोद बंधईया एवं स्टाफनर्स श्रीमती शबीना कुरैशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके द्वारा स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं, उपलब्ध संसाधनों एवं मरीजों को प्रदान की जा रही सेवाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए निरीक्षण दल का सहयोग किया गया।

ग्राम पंचायत एवं रोगी कल्याण समिति द्वारा स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करने तथा उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर एवं सुगम प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

|| श्री जीणमाता की जय || || जय गुलाब बाबा नमः ||
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)





जग प्रेरणा
खेल मनोरंजन
खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# त्रिशा-गायत्री की जोड़ी को ब्रॉन्ज मेडल से करना पड़ा संतोष, विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में 15 साल बाद आया पदक..

डेस्क जगप्रेरणा।

*नई दिल्ली में चल रही विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में महिलाओं के डबल्स इवेंट के सेमीफाइनल मैच में भारत की त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को तीन सेटों तक चले मुकाबले में चीन की नंबर-1 जोड़ी के खिलाफ मुकाबले में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा।*



इस मैच में भारतीय महिला जोड़ी ने शुरुआत अच्छी की थी जिसमें उन्होंने पहले सेट को जीत लिया था लेकिन उसके बाद वह अपनी निरंतरता को बरकरार रखने में कामयाब नहीं हो सकी और अगले दोनों सेट गंवा दिए।

इस हार के साथ उन्हें ब्रॉन्ज मेडल के साथ संतोष करना पड़ा जिसमें वह 15 साल बाद पहली भारतीय महिला जोड़ी बनी हैं जो वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में पदक जीतने में कामयाब हो पाई हैं, जिसमें इससे पहले 2011 में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा ने लंदन में कांस्य पदक जीता था।

## पहला सेट में भारतीय जोड़ी ने की थी अच्छी शुरुआत..

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में चीन की लियू शेंग शू और तान निंग जो डिफेंडिंग चैंपियन भी हैं उनके खिलाफसेमीफाइनल मुकाबले की शुरुआत काफी शानदार तरीके से की थी, जिसमें आक्रामक शुरुआत करने के साथ 7-2 की बढ़त बना ली थी। चीन की लियू और तान की जोड़ी ने इसके बाद लगातार छह अंक लेकर वापसी की और ब्रेक तक 11-7 से आगे हो गई थी। त्रीसा के शानदार क्रॉस-कोर्ट शॉट और आक्रामक खेल की मदद से भारतीय जोड़ी ने एकबार फिर से बढ़त बनाई और एक समय स्कोर 18-18 पर होने के बाद त्रीसा ने एक शानदार शॉट लगाया बढ़त दिला दी जिसमें इसके बाद भारतीय जोड़ी ने लगातार दो अंक लेकर पहला गेम 21-18 के अंतर से अपने नाम कर लिया।

## दूसरे और तीसरे गेम में चीन की जोड़ी का दिखा दबदबा..

पहला सेट जीतने के बाद सभी फैंस को उम्मीद थी कि त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद अपनी लय को बरकरार रखने में कामयाब रहेंगी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। चीन की नंबर-1 जोड़ी ने दूसरे सेट से शानदार वापसी करने के साथ उसे 21-13 के बड़े अंतर से अपने नाम करने के साथ मुकाबले को तीसरे और निर्णायक सेट में पहुंचाने में कामयाबी हासिल की।


तीसरे सेट में भी चीनी जोड़ी का दबदबा देखने को मिला और उन्होंने इस सेट को एकतरफा 21-8 के अंतर से जीतने के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। वहीं भारत की त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को कांस्य पदक के साथ संतोष करना पड़ा।

# कार्तिक आर्यन के घुटने की हुई सर्जरी

## अस्पताल से लौटे घर, अब कैसी है एक्टर की तबीयत?

डेस्क जगप्रेरणा।

*बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन मुंबई के एक अस्पताल में घुटने की सफल सर्जरी के बाद घर लौट आए हैं। 'चंदू चैंपियन' एक्टर को हाल ही में अपनी एक फिल्म के सेट पर एक्शन सीन करते समय घुटने में चोट लग गई थी, जिसके बाद उन्हें सर्जरी करवानी पड़ी।*



कुछ दिनों पहले यह खबर आई थी कि एक्टर कार्तिक आर्यन के घुटने में चोट लगी है और उन्हें आगे के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। उनकी रिकवरी को देखते हुए वह धीरे-धीरे अपने काम पर लौट सकेंगे। चोट के कारण एक्टर को कुछ दिनों के लिए शूटिंग रोकनी पड़ी है। उनके ठीक होते ही शूटिंग फिर शुरू हो जाएगी।

## सर्जरी के बाद घर लौटे कार्तिक आर्यन..

उनके प्रवक्ता के अनुसार, वे अभी ठीक हो रहे हैं और जल्द ही शूटिंग फिर से शुरू करने की उम्मीद है।

उनके प्रवक्ता ने कहा, 'कार्तिक आर्यन को अपनी फिल्म के सेट पर एक्शन सीन करते समय घुटने में चोट लग गई थी। उनकी सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी हो गई और अब वे घर वापस आ गए हैं, आराम कर रहे हैं और ठीक हो रहे हैं। वे जल्द ही सेट पर वापस आएंगे।'

## कार्तिक आर्यन के करियर की बड़ी उपलब्धि..

प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो कार्तिक ने हाल ही में कबीर खान द्वारा निर्देशित बायोपिक स्पोर्ट्स ड्रामा 'चंदू चैंपियन' में भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर का किरदार निभाने के लिए 72वें नेशनल फिल्म अवाड्र्स में 'बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल' का अवॉर्ड जीता। इस कामयाबी पर इंस्टाग्राम पर प्रतिक्रिया देते हुए आर्यन ने लिखा, 'अभी भी यकीन नहीं हो रहा... कुछ पल शब्दों से कहीं बड़े होते हैं और यह उन्हीं में से एक है। बरसों से देखा गया मेरा सपना आखिरकार सच हो गया। हमेशा आभारी और शुक्रगुजार रहूंगा... बेस्ट एक्टर नेशनल अवॉर्ड #ChanduChampion।'

## कार्तिक की अपकमिंग फिल्म..

कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्मों में कई बड़े प्रोजेक्ट्स शामिल हैं, जिनमें स्पोर्ट्स ड्रामा, फैंटेसी कॉमेडी और एक्शन थ्रिलर जैसी फिल्में हैं। इनमें कबीर खान की एक बिना नाम वाली स्पोर्ट्स फिल्म 'नागजिला', 'कैप्टन इंडिया'

और अनुराग बसु की एक बिना नाम वाली म्यूजिकल फिल्म शामिल हैं। कार्तिक आर्यन की बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिट हॉरर-कॉमेडी 'भूल भुलैया 3' है, जिसने वैश्विक स्तर पर 417 करोड़ से अधिक की कमाई की। अब देखना यह है कि उनकी आने वाली फिल्में क्या कमाल करती है।

# यानिक सिनर ने यूएस ओपन से नाम लिया वापस, चोट की वजह से लिया बड़ा फैसला..

डेस्क जगप्रेरणा।

*दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिने घुटने में चोट की वजह से आगामी यूएस ओपन टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। इस बात की जानकारी 21 अगस्त को उनकी टीम ने दी है। इससे पहले वे सिनसिनाटी ओपन में भी नहीं खेल पाए थे।*



सिनर के लिए यह साल बेहद शानदार गुजर रहा था, लेकिन चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने का यह फैसला उनके इस बेहतरीन सीजन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

## 2019 के बाद पहली बार बड़े टूर्नामेंट से बाहर हुए सिनर..

साल 2019 में पहली बार ग्रैंड स्लैम खेलने के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है, जब वह किसी बड़े ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं बन पाएंगे।

इससे पहले सिनर 2024 में यूएस ओपन का खिताब जीत चुके हैं और पिछले साल भी वह इसके फाइनल तक पहुंचे थे। हालांकि, तब फाइनल में उन्हें कार्लोस अल्काराज के खिलाफ चार सेट चले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। वहां उनका खिताब जीतने का सपना टूट गया था।

## पांच ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके हैं सिनर..

25 साल के सिनर के लिए साल 2026 काफी शानदार रहा है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में लगातार पांच बड़े एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट– इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे कार्लो, मैड्रिड और रोम अपने नाम किए।

इस सीजन में उन्होंने कुल छह खिताब जीते हैं और उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 44-3 रहा है। इसके अलावा, उन्होंने विंबलडन जीतकर अपने करियर का पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब भी हासिल किया था।

## विंबलडन में सिनर ने खेला था आखिरी मैच..

सिनर ने अपना आखिरी मैच विंबलडन में खेला था, जहां उन्होंने शानदार जीत हासिल करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की थी। फाइनल में उन्होंने रोलां गैरो के चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को चार सेट के कड़े मुकाबले में हराया था। हालांकि, उस मैच के बाद से उनके सीधे घुटने की चोट को ठीक होने में उम्मीद से ज्यादा समय लग रहा है। सिनर की टीम के अनुसार, वह फिलहाल यूरोप में ही रुककर डॉक्टरों और अपनी परफॉर्मेंस टीम की देखरेख में रिहैब पर ध्यान देंगे।

# पूनम ढिल्लों अस्पताल में हुईं भर्ती, डेंगू की चपेट में आईं एक्ट्रेस, अब कैसी है हालत?..

डेस्क जगप्रेरणा।

*सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन की प्रेसिडेंट और दिग्गज अभिनेत्री पूनम ढिल्लों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 'सोहनी माहीवाल', 'ये वादा रहा' और 'नाम' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों पर राज करने वालीं पूनम ढिल्लों डेंगू की चपेट में आ गई हैं,*



जिसके चलते उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस खबर के सामने आने के बाद पूनम ढिल्लों के फैंस उनकी सेहत को लेकर चिंतित हो उठे हैं, सोशल मीडिया पर उनकी रिकवरी के लिए दुआएं कर रहे हैं।

## अब कैसी हैं पूनम ढिल्लों?

विक्की लालवानी ने अपने लेटेस्ट पोस्ट में पूनम ढिल्लों का हेल्थ अपडेट दिया है है और बताया कि जब उन्हें इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने सुबह पूनम ढिल्लों से मैसेज करके उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा। इस मैसेज का जवाब देते हुए अभिनेत्री ने बताया कि वह अब पहले से बेहतर हैं और रिकवर कर रही हैं। दूसरी तरफ अभिनेत्री के फैंस इस खबर के सामने आने के बाद लगातार उनकी सेहत को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि वह जल्दी ही इस गंभीर बीमारी से बाहर आ जाएंगी।

## CINTAA विवाद और पूनम ढिल्लों..

पूनम ढिल्लों के डेंगू के चपेट में आने और अस्पताल में भर्ती होने की खबर ऐसे समय पर आई है, जब सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन यानी **CINTAA** के भीतर नेतृत्व को लेकर विवाद जोरों पर है। पिछले दिनों ही इस संगठन के कई सदस्यों ने मौजूदा नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए इस्तीफा दे दिया। इस विवाद की शुरुआत अगस्त में हुई, जब संगठन के 11 कार्यकारी समिति सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। इनमें आठ निर्वाचित सदस्य शामिल थे। इस्तीफा देने वाले सदस्यों ने संगठन में पारदर्शिता और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए हैं और फिर नए चुनाव की मांग की है।

## उपासना सिंह ने लगाए 'तानाशाही' के आरोप..

**CINTAA** की जनरल सेक्रेटरी उपासना सिंह ने भी प्रेसिडेंट पूनम ढिल्लों और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद्मिनी कोल्हापुरे पर तानाशाही के आरोप लगाए हैं। विक्की लालवानी के साथ बातचीत के दौरान उपासना ने दावा किया कि संगठन में जो भी सदस्य पूनम ढिल्लों की बात से सहमत नहीं होते उन्हें शो-कॉज नोटिस भेजे जाते थे। बातचीत के दौरान उपासना सिंह ने कहा था कि जो 'जी मैडम' नहीं कहता, उसे कारण बताओ नोटिस भेजा जाता है और अब तक कमेटी के 11 लोग इस्तीफा दे चुके हैं। हालांकि, बाद में पूनम ढिल्लों ने उपासना सिंह के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह किसी भी तरह के कीचड़ उछालने वाले खेल में शामिल नहीं होना चाहतीं।

# ऑस्ट्रेलिया वर्सेस बांग्लादेश दूसरे टेस्ट के पहले दिन गिरे 18 विकेट, दो बॉलर्स ने लिए 6-6 विकेट हॉल..

डेस्क जगप्रेरणा।

*मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल पूरी तरह से तेज गेंदबाजों के पक्ष में रहा। मुकाबले के पहले दिन कुल 18 विकेट गिरे।*



मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। उनके इस फैसले को सही ठहराते हुए मिचेल स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की और बांग्लादेश की पहली पारी को महज 64 रनों पर समेटने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई। स्टार्क ने इस दौरान 6 विकेट अपने नाम किए और सिर्फ22 गेंदों में अपना 5 विकेट हॉल भी पूरा किया था। वहीं बांग्लादेश की तरफ से शोरिफुल इस्लाम ने भी 6 विकेट हॉल लिया।

## स्टार्क ने पारी की पहली गेंद पर लिया विकेट..

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क ने धमाकेदार शुरुआत करते हुए बांग्लादेश को शुरुआती झटके दिए और पहला सत्र पूरी तरह अपने नाम कर लिया। स्टार्क ने पहली ही गेंद पर विकेट निकाला और फिर एक ही ओवर में तंजिद हसन व नजमुल हुसैन शांतो को आउट कर बांग्लादेश की कमर तोड़ दी। इसके बाद उन्होंने मोमिनुल हक और लिटन दास को भी पवेलियन भेजकर 5 विकेट हॉल पूरा किया। बांग्लादेश के चार बल्लेबाज बिना खाता खोले ही आउट हो गए।

## कमिंस ने भी झटके 3 विकेट..

लंच के बाद कमिंस और हेजलवुड ने भी कसी हुई गेंदबाजी की और बाकी बचे बल्लेबाजों को जल्दी से पवेलियन भेजने का काम किया। पैट कमिंस ने 3 और हेजलवुड ने 1 विकेट चटकाया। बांग्लादेश की ओर से सबसे बड़ी 25 रनों की साझेदारी 10वें विकेट के लिए तैजुल और शोरिफुल के बीच हुई। आखिरकार स्टार्क ने ही इस साझेदारी को तोड़कर बांग्लादेश की पहली पारी को 64 रन के स्कोर पर समेट दिया। स्टार्क ने पहली पारी में कुल 6 विकेट अपने नाम किए।

## शोरिफुल इस्लाम ने लिए 6 विकेट हॉल..

बांग्लादेश को कम स्कोर पर आउट करने के बाद ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और शोरिफुल इस्लाम ने टीम को शुरुआत झटके दिए। हालांकि, स्टीव स्मिथ (42 रन) और कैमरन ग्रीन ने संभलकर खेलते हुए टीम को बढ़त दिलाई। स्मिथ के आउट होने के बाद एक तरफ से लगातार विकेट गिरते रहे, लेकिन ग्रीन एक छोर से बल्लेबाजी करते रहे और अपना अर्धशतक पूरा किया। बांग्लादेश के लिए शोरिफुल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट चटकाए, जबकि तस्कीन अहमद और मेहदी हसन मिराज को 1-1 विकेट मिला। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट के नुकसान पर 165 रन बना लिए हैं। कैमरून ग्रीन 51 और नाथन लियोन 10 रन बनाकर बैटिंग कर रहे हैं।

# '3 ईडियट्स' के 'मिस्टर कुरैशी' को देख भावुक हुए फैंस, डंडे के सहारे चलते दिखे परीक्षित साहनी, लोग बोले- 'अब्बा बूढ़े हो गए'..

डेस्क जगप्रेरणा।

'3 इडियट्स', 'सुल्तान', 'पीके' और 'लगे रहो मुन्ना भाई' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपने अभिनय के लिए मशहूर दिग्गज अभिनेता परीक्षित साहनी लंबे समय से लाइमलाइट से दूर हैं। लेकिन, हाल ही में उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसे देखने के बाद परीक्षित साहनी के फैंस भावुक हो गए हैं। इस वीडियो में परीक्षित साहनी अपनी बिल्डिंग में अपने केयरटेकर के साथ दिखाई दे रहे हैं। झुके कंधे और हाथ में डंडा लेकर वह केयरटेकर की मदद से टहलते देखे जा सकते हैं। दिग्गज अभिनेता का ये वीडियो सामने आने के बाद उनके फैंस उनकी सेहत को लेकर चिंतित हो उठे हैं।



## परीक्षित साहनी को देख भावुक हुए फैंस..

82 साल के परीक्षित साहनी आमतौर पर लाइमलाइट से दूर रहते हैं, लेकिन हाल ही में उनका एक वीडियो सामने आया है। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने दिग्गज अभिनेता का ये वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह पजामा-टीशर्ट और लाल टोपी पहने डंडे के सहारे टहलते देखे जा सकते हैं। परीक्षित साहनी का ये वीडियो सामने आते ही फैंस ने सोशल मीडिया पर भावुक कमेंट्स की बौछार कर दी। एक ने कमेंट में लिखा- 'अब्बा बूढ़े हो गए हैं।' एक अन्य ने लिखा- 'इसी का नाम जीवन है, ये है जिंदगी की असली सच्चाई।' एक ने लिखा- 'इस उम्र में भी वह ग्लो कर रहे हैं और स्माइल कर रहे हैं। उन्हें देखकर अच्छा लगा।'

## परीक्षित साहनी का करियर..

मनोरंजन जगत में परीक्षित साहनी का करियर काफी लंबा और सराहनीय रहा है। उन्होंने अपने करियर में अमिताभ बच्चन, ऋषि कपूर से लेकर आमिर खान जैसे कलाकारों के साथ काम किया और खासतौर पर राजकुमार हिरानी की हिट फिल्मों का हिस्सा रहे। उन्होंने भारतीय सिनेमा में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट करियर की शुरुआत की थी। 1951 में रिलीज हुई फिल्म 'हलचल' में उन्होंने पहली बार काम किया और 1968 में रिलीज हुई 'अनोखी रात' में बतौर लीड एक्टर दिखाई दिए। अपने करियर में उन्होंने कई हिट फिल्मों के साथ-साथ टीवी इंडस्ट्री में भी काम किया।

## परीक्षित साहनी की जिंदगी का सबसे डरावना दिन..

परीक्षित साहनी ने पिछले साल ही अपनी जिंदगी के सबसे डरावने पल के बारे में बात की थी। उन्होंने **ANI** से बातचीत में 'गुल गुलशन गुलफाम' की शूटिंग से जुड़ा किस्सा याद करते हुए बताया था कि कैसे उन्हें और उनकी टीम को असल जिंदगी में खतरे का सामना करना पड़ा था। उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही थी, जिसके बाद उन्हें बीच में ही शूटिंग छोड़नी पड़ी। उन्होंने बताया कि श्रीनगर में शूटिंग के दौरान **JKNF** नाम का एक संगठन ने उन्हें और उनकी टीम को शूटिंग बंद करके जाने को कहा था, जिसके बाद मेकर्स ने फिल्म सिटी में ही झील का एक सेट तैयार किया और वहीं शूटिंग हुई।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433

जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## अंतिम व्यक्ति की पहुंच में स्वास्थ्य सुविधाएं..



किसी भी सभ्य और संवेदनशील समाज की पहचान केवल उसकी आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि इस बात से होती है कि उसके सबसे दूर बसे नागरिक को स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा कितनी सहजता से उपलब्ध है। दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं का सवाल इसलिए महज चिकित्सा व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि समानता, सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा से जुड़ा प्रश्न है।

### सामान्य बीमारी, गंभीर रूप

देश के अनेक ग्रामीण, वनांचल और दुर्गम क्षेत्रों में आज भी अस्पताल तक पहुंचना अपने आप में एक चुनौती है। लंबी दूरी, खराब परिवहन व्यवस्था, चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों की कमी, नियमित जांच सुविधाओं का अभाव और आवश्यक दवाइयों की अनुपलब्धता के कारण सामान्य बीमारी भी कई बार गंभीर रूप ले लेती है। गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं, बुजुर्गों और गंभीर रोगियों के लिए यह चुनौती और अधिक कठिन हो जाती है।

### उपचार केंद्रों का मजबूत नेटवर्क

स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण आवश्यक है, लेकिन केवल भवन बना देना पर्याप्त नहीं। वहां चिकित्सक हों, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी हों, दवाइयां उपलब्ध हों, जांच की सुविधा हो और आपातकालीन स्थिति में मरीज को समय पर उच्च चिकित्सा केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था हो तभी स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रभावी कहा जा सकता है। दूरस्थ क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए पारंपरिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ मोबाइल मेडिकल यूनिट, टेलीमेडिसिन, नियमित स्वास्थ्य शिविर और प्राथमिक उपचार केंद्रों का नेटवर्क मजबूत करना समय की आवश्यकता है। स्थानीय युवाओं को स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में प्रशिक्षित करने से स्वास्थ्य सेवाओं को गांव की चौखट तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण मदद मिल सकती है।

### रोकथाम और जागरूकता

इसके साथ ही स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी का इलाज नहीं, बल्कि रोकथाम और जागरूकता भी है। पोषण, स्वच्छता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, संक्रामक रोगों की रोकथाम और स्थानीय स्तर पर प्रचलित स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूकता को स्वास्थ्य नीति का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

### उपचार की गुणवत्ता महत्वपूर्ण

दूरस्थ अंचलों के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था बनाते समय स्थानीय समाज की भाषा, संस्कृति और जीवनशैली को भी समझना होगा। स्वास्थ्य सेवाओं में संवेदनशीलता और सम्मान का भाव उपचार की गुणवत्ता जितना ही महत्वपूर्ण है। आज आवश्यकता इस सोच को बदलने की है कि मरीज अस्पताल तक पहुंचे। व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि स्वास्थ्य सेवा मरीज तक पहुंचे। तकनीक, प्रशासनिक इच्छाशक्ति और स्थानीय सहभागिता के माध्यम से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय मुफ्त

अंततः किसी गांव की भौगोलिक दूरी उसके नागरिक के अधिकारों की दूरी नहीं होनी चाहिए। शहर और दूरस्थ अंचल के नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा का समान अधिकार है।

जिसकी आज निहायत ज़रूरत है, जिसे हरहाल में पूरा करने की जिम्मेदारी जिम्मेदारों को निभानी पड़ेगी। मौलिकता में केवल स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय हर नागरिक को मुफ्त में मुहैया होनी चाहिए। बेहतर विकास तभी सार्थक है, जब उसकी पहली किरण अंतिम व्यक्ति के जीवन और स्वास्थ्य तक पहुंचे।

लेखक



हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार व लेखक,

## हम बच्चों को नहीं समझ पा रहे या बच्चे हमें?..

कल की घटना ने सबको झकझोर दिया और हर माँ-बाप को सोचने पर मजबूर कर दिया। सिर्फएक आईफोन की जिद के लिए तीन जिंदगियाँ खत्म हो गईं। प्रश्न यह उठता है कि आखिर क्यों?

क्या जिंदगी से बड़ी या माँ-बाप से बड़ी बच्चों के लिए कोई चीज हो सकती है?

हो सकता है माता-पिता के हालात ऐसे न हों कि वे अपने बच्चे को आईफोन खरीदकर दे सकें। लेकिन बच्चे जब दूसरों को देखते हैं, तो उनके मन में प्रतिस्पर्धा पैदा होती है—÷उसके पास आईफोन है, हमारे पास क्यों नहीं?÷ धीरे-धीरे यही भावना हीनभावना में बदल जाती है।

आखिर यह हीनभावना बच्चों में आती कहाँ से है?

बच्चों को शुरू से ही समझाया जाना चाहिए कि उनके माता-पिता उनकी क्षमता और परिस्थितियों के अनुसार उनके लिए जितना कर सकते हैं, उतना कर रहे हैं। किसी को देखकर अपनी इच्छाओं को बढ़ावा देना और फिर उन इच्छाओं को पूरा करने के लिए माता-पिता पर दबाव बनाना आखिर कैसी जिद है?

आज की युवा पीढ़ी इस बात को समझ क्यों नहीं पा रही?

एक-दूसरे को देखकर अपनी चाहत पूरी करने की होड़, सोशल मीडिया पर दिखावे की प्रतिस्पर्धा और अपनी हर इच्छा को अधिकार समझ लेना—क्या यही हमारी आने वाली पीढ़ी की दिशा बनती जा रही है?

यह समाज के सामने एक बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न है।

हो सकता है बच्चा अपने माता-पिता की परिस्थितियों को समझ नहीं पाया हो, लेकिन कहीं न कहीं यह भी सवाल है कि क्या माता-पिता अपने बच्चे को उसकी भावनाओं और मानसिक स्थिति के साथ समझा पाए?

माता-पिता का दायित्व केवल बच्चों की हर इच्छा पूरी करना नहीं है। उन्हें बच्चों के साथ खड़ा रहना चाहिए, उनकी भावनाओं को समझना चाहिए, उनसे संवाद करना चाहिए और यह विश्वास दिलाना चाहिए कि किसी भी परिस्थिति में वे अकेले नहीं हैं। लेकिन हर जिद पूरी करना भी प्यार नहीं है। कई बार जरूरत से ज्यादा लाड़-प्यार और हर मांग को पूरा करना बच्चों को जिद्दी और असहनशील बना देता है।

आज स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि माता-पिता सोचने को मजबूर हैं—अगर बच्चों की हर जिद पूरी करो तो वे बिगड़ सकते हैं और अगर जिद पूरी न करो तो कहीं वे कोई गलत कदम न उठा लेंज आखिर माता-पिता करें तो क्या करें?

हमें यह समझना होगा कि जिंदगी किसी भी चीज से बड़ी है।

एक फोन, एक ब्रांड, एक महँगी चीज या किसी और से आगे निकलने की चाहत—इनमें से कोई भी चीज इंसान की जिंदगी से बड़ी नहीं हो सकती।

मएक बात जरुर कहना चाहूंगी कि बच्चे अगर पढ़ाई के लिए कोई मांग करते हैं तो उन्हें वह सुविधा जरूर दें। शिक्षा से बड़ा कोई तोहफा नहीं है बच्चों के लिए।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आज के युवाओं में सहनशक्ति इतनी कम क्यों होती जा रही है? क्या हम अपने बच्चों को यह सिखा पा रहे हैं कि असफलता, अभाव और मनचाही चीज न मिलना भी जिंदगी का हिस्सा है?

उन्हें यह सिखाना होगा कि हर चाहत पूरी होना जरूरी नहीं, लेकिन हर परिस्थिति में जिंदगी को संभालना जरूरी है।

बच्चों को केवल सुविधाएँ नहीं, संस्कार भी चाहिए।
केवल महँगे सामान नहीं, संवाद भी चाहिए।
केवल प्यार नहीं, सही और गलत के बीच फर्क समझाने वाला अनुशासन भी चाहिए।

और सबसे जरूरी—उन्हें यह विश्वास चाहिए कि चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, माँ-बाप उनके साथ हैं और जिंदगी हर समस्या से बड़ी है।

आज जरूरत बच्चों को दोष देने की नहीं, बल्कि उन्हें समझने की है।

जरूरत माता-पिता को दोष देने की नहीं, बल्कि परिवार में संवाद बढ़ाने की है।

क्योंकि सवाल सिर्फ यह नहीं है कि ÷हम बच्चों को नहीं समझ पा रहे या बच्चे हमें?÷

सवाल यह भी है कि हम सब मिलकर अपने बच्चों को कैसी दुनिया और कैसी सोच दे रहे हैं?

लेखिका



अनुराधा विशाल देशमुख, भैंसदेही मध्यप्रदेश

## सृष्टि के कण-कण में श्याम..

तुम ही तुम हो, जिधर देखती।
सृष्टि के कण-कण में श्याम।
नहीं भुलाती तुमको मैं,
करूँ स्मरण आठों याम।
भटकन भरी ज़िन्दगी मेरी,
कामनाओं का है संसार।
इसीलिए तुम आना प्रभुवर,
शीघ्र ही मेरे मन के द्वार।
प्रभुवर तेरी वंशी की ध्वनि,
मोहक तेरी छवि अभिराम।
तुम ही तुम हो, जिधर देखती।
सृष्टि के कण-कण में श्याम।
चिर-नवीन, तेरा स्वरूप है।
देता जो मन को आनन्द।
तेरी कृपा ऐसी हो प्रभुवर,
लिखूँ सदा मैं तेरे छन्द।
नवनीत-प्रिया, तुम्हें कहते हैं।
प्रिय है सदा तुम्हें नवनीत।
तुम ही तुम हो,जिधर देखती।
गाती सदा तुम्हारे गीत।
करुणा करो, हुई शरणागत।
आई हूँ मैं तेरी ओर।
तेरी स्वर-लहरी में प्रभुवर,
हुई मैं शाश्वत भाव-विभोर।
प्रभुवर तेरे जन्मदिवस पर।
'गंगेश्वरी' के स्वर अभिराम।
तुम ही तुम हो,जिधर देखती।
सृष्टि के कण-कण में श्याम।

लेखिका



श्रीमती सुनीता मेश्राम 'गंगेश्वरी' नैनपुर.

## महंगी चिनी..


पेट्रोल खरीदी में लगनेवाली
विदेशी मुद्रा बचाने के लिये
पेट्रोल में इथेनॉल मिलाया गया
इथेनॉल निर्मिती मे लगनेवाले
गन्ने के कारण शक्कर उत्पादन
कम हो गया है
और अब शक्कर की कमी
दूर करने के लिये शक्कर की
आयात करने की योजना है
पेट्रोल खरीदी से बची हुई
विदेशी मुद्रा अब शक्कर
खरीदी में खर्च की जायेगी
और शक्कर उत्पादन में
दुनिया में दूसरे नंबर पर
रहनेवाला देश अब उसका
आयात करने में विदेशी मुद्रा
खर्च करने की तैयारी में है।

रचनाकार



चिरंजीव बिसेन गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 252



ck;sa ls nk;sa & 1) मंद मंद हंसी हंसना 5) शपथ 8) अभिनेता देव आंनद के भाई जो स्वयं सफल अभिनेता, निर्माता एवं निर्देशक थे. 13) मदिरापान 16) लालिमा 17) जमानत 19) सहायता 21) बदसूरत 23) एक श्रीराम पुत्र 24) कर्मचारी, मजदूर 26) विज्ञान का एक शैक्षणिक विषय 28) साथ, सहित 29) एक स्थान पर न रहकर अलग अलग जगहों पर भटकनेवाला 31) नाव चलानेवाला 32) कार्तिक बदी चतुर्थी को मनाया जानेवाला स्त्रियों का एक व्रत 33) झुका हुआ 35) यह का बहुवचन 36) ध्यान, चिंता 37) परसों के बाद का दिन 39) आराम, सुख 42) धर्म का आचरण44) समीप 46) ताकतवर 49) नीले रंग का एक रत्न 50) गिरे पड़े मकानों का चूना, पत्थर, लकड़ियां आदि का ढेर 52) चरण, पैर 53) हवाई जहाज 54) सहायता करनेवाला 57) धिक्कारना, जाने के लिये कहना या आने न देना 60) केरल की प्रमुख भाषा 61) सुंदर 64) हिन्दी की एक प्रसिद्ध कवयित्री जो छायावाद की प्रबल समर्थक है 65) लक्ष्मण का सरलीकृत रुप 67) प्रथा, चलन 69) होम, यज्ञ 71) अपशब्द 72) स्वप्न 73) पत्थर का लंबा टुकड़ा जिसका चटनी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है 74) सुंदर अक्षरों में लिखा हुआ, अच्छी लिखावट 76) अंदर 77) लाभ 78) चित्त, अन्तःकरण 81) रसों की संख्या 82) सांस लेने की क्रिया 83) मुंबई का एक प्रमुख उपनगर 84) डुबना, उदय का विरुद्धार्थी शब्द 85) बकरा 86) नीच, पापी 87) परीक्षण, परीक्षा, कसौटी 88) मृग 90) लीपने – पोतने का काम 92) फांसे फेंककर भविष्य जानने की विद्या 93) सोना 94) अधिकार 95) प्रमाणसहित 97) रोड़ा अटकानेवाला या बाधा ड़ालनेवाला 98) चित्र 100) शेष रहना 102) गढ़िया रोग, वायु 103) वर्ष 104) बड़ा गांव 105) बेकार, निष्फल 106) किश्ती 108) फिर से आना 109) एक प्रसिद्ध भारतीय नर्तक 110) दुर्भिक्ष्य 111) मथने का काम

Åij ls uhps & 1) भेंट, मीलन 2) अकबर के बेटे का नाम जो अनारकली पर फिदा था 3) प्राचीन काल के एक प्रसिद्ध चित्रकार राजा 4) प्रसिद्ध 6) वक्त 7) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक 9) पानी 10) जल वायु 11) यशोदा के पति का नाम 12) रामायण में वर्णित राजा जिनकी तीन पत्नियां थी 13) बादशाह 14) दिल्ली के एक आंतर राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम 15) नवीन 18) पुरुष 20) हालत 22) थोड़ा, न्यून 25) गीत 27) सामान्य 28) राई जिससे तेल निकाला जाता है 30) रात को सुगंध देनेवाला एक फूल 32) कमल के समान सुंदर हाथ 34) समाप्त 36) परत 37) सरिता 38) खैरात 40) बलरामजी का एक नाम, किसान 41) एक भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री (महिला) 42) भारी चीज गिरने या गोली आदि के छूटने से होनेवाली आवाज, लाक्षणिक दृष्टी से तहलका 43) संचालित करना 45) लोग 46) परिवर्तन 47) नियंत्रित करना अर्थपाला एक मुहावरा 48) आक्रमण, दिन 51) बुरी आदत 55) अत्यन्त दयालु 56) दबाव 58) देशी रियासत, राजा का महल 59) गरमी के मौसम में सैर करने का महाराष्ट्र का एक पर्यटन स्थल 60) भग्नहृदय, जिसके मर्म पर चोट लगी हो 61) रक्त 62) सूना होने का भाव या अवस्था 63) फिर 66) पैगंबर महम्मद के उत्तराधिकारी, हारु अल रशीद को दी गई उपाधि 68) महाराष्ट्र में मकर संक्राति के अवसर पर इसके लड्डू बनाने की प्रथा है. 70) देवताओं द्वारा प्रसन्न होकर दिया जानेवाला वर 72) सारा, समूचित 75) पोस्ते के बारीक दाने जिनका खाद्य पदार्थो में इस्तेमाल किया जाता है 77) श्रीकृष्ण का एक नाम 79) आंखो में लगाया जानेवाला अंजन 80) अधूरा ( ज्ञान आदि) 84) बीता हुआ काल 85) जम्मू कश्मीर का एक प्रमुख तीर्थ स्थल 86) बिगाड़, वैमनस्य 87) घी या तेल में पकाये गये व्यंजन 88) भारत का सबसे प्रमुख पर्वत जो उत्तर सीमा की रक्षा करता है 89) युद्ध 91) पवित्र 92) एक फसल 96) कृपा, देवताओं को अर्पित वस्तु 97) जो भीतर न हो 99) विषम का विरुद्धार्थी शब्द 101) सर्प देवता 104) संदेह 105) शहर या नगर का प्रवेश स्थल जहां चुंगी वसूल करने की व्यवस्था होती है 107) जंगल

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मे | न | का | गां | धी | | आ | म | र | ण | अ | न | श | न | | कु | तु | ब | मी | ना | र |
| म | हा | रा | जा | | सा | धा | र | ण | | क | म | त | र | ता | | | स | ल | ह | ज |
| ना | ना | | | ठ | ह | र | ना | | स | ब | क | | गि | ल | ह | री | | का | क | |
| | | प | रि | हा | स | | | का | त | र | | क | स | क | | झ | ड़ | प | | |
| आ | स | व | | का | | क | स | र | त | | ख | त | | टो | क | ना | | त्थ | | गो |
| ग | जा | न | न | | र | म | मा | ण | | सो | | रा | म | रा | म | | म | र | घ | ट |
| उ | | सु | म | न | | र | न | | ता | ना | बा | ना | | मै | ला | प | न | | र | मा |
| ग | ल | त | | दी | प | क | | पौ | ना | | ग | | सा | दा | | र | ह | स्य | | र |
| ल | ट | | र | | क | स | म | | से | ठ | | ज | मा | न | त | दा | र | | ना | मे |
| ना | क | भौं | सि | को | ड़ | ना | | आ | न | न | फा | न | न | | स | दा | | बं | ग | ला |
| | ना | | क | ड़ा | | | मा | दा | | ठ | ग | | | बि | ल्ली | | बा | | पं | |
| जा | | मा | ता | | क | म | ल | न | य | न | | अ | | ल | | ब | हु | व | च | न |
| लि | ज्ज | त | | श | र | द | | प्र | था | | अ | शो | क | कु | मा | र | | त | मी | ज |
| म | | म | र | ह | म | | दा | दा | | रा | ज | क | म | ल | | क | मा | न | | र |
| | गै | | स | र | | र | ह | न | स | ह | न | | जो | | सू | रा | ख | | पै | |
| प | र | वा | ना | | चे | त | क | | स्ता | | बी | मा | र | | त | र | न | ता | र | न |

anumeya-08446302691





जग प्रेरणा

# व्यापार समाचार

● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## देश में करीब 8.7 करोड़ युवा न पढ़ाई कर रहे, न रोजगार में हैं और न ही प्रशिक्षण ले रहे : नीति आयोग

नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के करीब 8.7 करोड़ युवा ऐसे हैं, जो न तो पढ़ाई कर रहे हैं, न रोजगार में हैं और न ही किसी तरह का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।***



रिपोर्ट में युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने और स्थानीय जरूरतों तथा उभरते क्षेत्रों के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए सब्सिडी वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की तत्काल जरूरत पर जोर दिया गया है।

नीति आयोग ने 'विकसित भारत 2047 के लिए कौशल विकास की नयी कल्पना' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा कि यह अनुमान वर्ष 2021 में किए गए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (78वें दौर) के आंकड़ों पर आधारित है।

आयोग ने देश के कार्यबल और शिक्षार्थियों को बेहतर प्रभाव के लिए पांच वर्गों में बांटा है। इनमें स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, औपचारिक एवं अनौपचारिक तथा शिक्षा, रोजगार और प्रशिक्षण नहीं लेने वाले युवाओं का वर्ग और महिलाएं शामिल हैं।

नीति आयोग ने कहा, ''शिक्षा, रोजगार और प्रशिक्षण नहीं लेने वाले युवा आय के अभाव और पहले की शिक्षा पर हुए खर्च के कारण कई चुनौतियों का सामना करते हैं। विद्यार्थी अक्सर अपनी मौजूदा आर्थिक जिम्मेदारियों के साथ शुल्क आधारित कौशल प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर पाते हैं।''

रिपोर्ट में कहा गया कि शिक्षा, रोजगार और प्रशिक्षण नहीं लेने वाले युवाओं और महिलाओं के लिए किफायती या सब्सिडी वाले प्रशिक्षण विकल्पों के साथ-साथ जरूरत के अनुसार वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना जरूरी है।

इसमें कहा गया कि खासकर कम आय वाले परिवारों के विद्यार्थी पहले ही कॉलेज के शुल्क और कई मामलों में निजी ट्यूशन के खर्च से दबाव में रहते हैं।

ऐसे में पारंपरिक डिग्री के साथ अतिरिक्त शुल्क आधारित कौशल प्रशिक्षण में निवेश करना कई लोगों के लिए आर्थिक रूप से संभव नहीं हो पाता।

आयोग ने कहा कि इसके कारण कई विद्यार्थी स्नातक के बाद परिवार की आर्थिक मदद के लिए स्थायी आय वाले किसी भी रोजगार को चुन लेते हैं, भले ही वहां वेतन कम हो।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि स्नातक करने वाले केवल 8.25 प्रतिशत लोग ही अपनी योग्यता के अनुरूप काम कर रहे हैं।

## अमेरिका ने कनाडाई उत्पादों पर लगाया 50 प्रतिशत आयात शुल्क, कनाडा ने भी जवाबी कार्रवाई की घोषणा की

वॉशिंगटन, (भाषा)।

अमेरिका ने कनाडा के 20 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों पर शनिवार को 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया। इसके जवाब में कनाडा ने भी जवाबी कार्रवाई करने की घोषणा की है। दोनों देशों के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के लिए आखिरी समय में हुई बातचीत के विफल होने के बाद यह कदम उठाया गया है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए इन आयात शुल्कों का असर कनाडा से अमेरिका भेजे जाने वाले कुल सामानों के लगभग पांच प्रतिशत हिस्से पर पड़ेगा। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने एक बयान में कहा, ÷कनाडा अपने कामगारों और व्यवसायों की रक्षा के लिए उन शुल्कों का डॉलर के मुकाबले डॉलर से जवाब देगा।÷ कनाडा की जवाबी कार्रवाई से व्यापार संघर्ष और बढ़ गया है। इससे अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको के बीच उत्तर अमेरिकी व्यापार समझौते के भविष्य पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। यह समझौता तीनों देशों के उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण है।

ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि कनाडा ने इस्पात, एल्युमीनियम, ऑटो और लकड़ी (लंबर) पर अमेरिकी शुल्कों में छूट की मांग की थी, जिसे देने के लिए अमेरिका तैयार नहीं था।

अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर ने आधी रात से कुछ समय पहले संवाददाताओं से बातचीत के दौरान एक बयान पढ़ते हुए कहा,, ''इस सप्ताह की शुरुआत में जिन शर्तों पर सहमति बनी थी, कनाडा ने उनके आधार पर व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने से आज रात इनकार कर दिया। ग्रीर ने कहा कि अमेरिका ने कनाडा को अपने बाजार में प्रमुख निर्यातक देशों के बीच सबसे अनुकूल शर्तें देने की पेशकश की थी, लेकिन कनाडा ने बाद में नई मांगें रख दीं और पहले की कुछ प्रतिबद्धताओं से पीछे हट गया। इससे पिछले कुछ दिनों में बनी सहमति का संतुलन बिगड़ गया।

कार्नी ने बातचीत विफल होने के लिए वॉशिंगटन को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा कि अमेरिका की प्रस्तावित शर्तों में अंतिम समय में किए गए बदलाव अनुचित और आर्थिक रूप से नुकसानदायक थे तथा उन्होंने किसी भी समझौते की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए।

कार्नी ने कहा कि उन्होंने बातचीत निलंबित कर दी है और कनाडाई वार्ता दल को ओटावा लौटने का निर्देश दिया है।

कार्नी ने कहा कि उनकी सरकार आने वाले दिनों में कनाडाई कामगारों और व्यवसायों के लिए अतिरिक्त सहायता की घोषणा करेगी।

ग्रीर ने कहा कि अमेरिकी प्रस्ताव दूरदर्शी था और इसमें एक ऐतिहासिक आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा साझेदारी शामिल थी।

## भ्रामक विज्ञापनों को लेकर एफएसएसएआई ने खाद्य कंपनियों को 150 नोटिस दिए..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने हाल के महीनों में भ्रामक विज्ञापनों, गलत दावों और लेबल संबंधी नियमों का पालन नहीं करने को लेकर नेस्ले इंडिया, पेप्सिको और कोका-कोला इंडिया समेत खाद्य कंपनियों को 150 नोटिस जारी किए हैं। एफएसएसएआई ने शनिवार को यह जानकारी दी।***


भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए हाल के महीनों में प्रमुख कंपनियों के खिलाफकी गई कार्रवाई की जानकारी साझा की। एफएसएसएआई ने कहा, ''भ्रामक विज्ञापनों, गलत दावों और लेबल संबंधी नियमों का पालन नहीं करने के मामलों में 150 से अधिक नोटिस जारी किए गए हैं।''

नियामक ने उन प्रमुख कंपनियों की सूची भी साझा की, जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें नेस्ले इंडिया, पेप्सिको, एबॉट इंडिया, रेड बुल इंडिया, डैनोन इंडिया, मॉन्स्टर एनर्जी इंडिया, हेल एनर्जी, मोंडेलेज इंडिया, कोका-कोला इंडिया, डियाजियो, पर्नो रिकार्ड, फेरेरो इंडिया और केनव्यू इंक शामिल हैं।

एफएसएसएआई ने कहा कि उसने पिछले कुछ महीनों में खाद्य कानूनों और नियमों के गंभीर उल्लंघन के मामलों में विभिन्न खाद्य कारोबार संचालकों के खिलाफकार्रवाई की है। नियामक ने ऊर्जा पेय और मादक पेय बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ भी कार्रवाई की है। उसने बताया कि नियमों के उल्लंघन के कारण कई कंपनियों के उत्पाद जब्त किए गए हैं। एफएसएसएआई ने ई-कॉमर्स कंपनियों अमेजन और फ्लिपकार्ट को भी 12 नोटिस जारी किए हैं। उसने कहा कि अमेजन के एक गोदाम का लाइसेंस भी रद्द किया गया है।

एफएसएसएआई के अनुसार, केएफसी, मैकडॉनल्ड्स, पिज्जा हट, डोमिनोज और कोस्टा कॉफी जैसे खाद्य सेवा प्रतिष्ठानों को 30 से अधिक नोटिस जारी किए गए हैं। डोमिनोज के पांच लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। नियामक ने पिछले साल कई पांच सितारा होटलों को भी नोटिस जारी किए थे। एफएसएसएआई ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि उसके नोटिस के बाद कई कंपनियों ने नियमों के अनुपालन के लिए सुधारात्मक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।

## आंध्र प्रदेश में 30,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से हरित एआई डेटा सेंटर को मंजूरी



अमरावती, (भाषा)।

***आंध्र प्रदेश सरकार ने शनिवार को एएम एआई फैक्टरी प्राइवेट लिमिटेड को विशाखापत्तनम जिले में 512 मेगावाट क्षमता वाला हरित एकीकृत कृत्रिम मेधा***

(एआई) डेटा सेंटर स्थापित करने की मंजूरी दे दी। इस परियोजना में 31,387 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्तावित है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सचिव भास्कर कटमनेनी ने एक सरकारी आदेश में कहा कि यह परियोजना भीमुनिपट्टनम मंडल के अमानम गांव में स्थापित की जाएगी और इससे करीब 1,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। सरकारी आदेश के अनुसार, सरकार ने प्रस्ताव की समीक्षा के बाद एएम एआई फैक्टरी (विजाग) प्राइवेट लिमिटेड को 512 मेगावाट क्षमता का हरित एकीकृत एआई डेटा सेंटर स्थापित करने की मंजूरी दी है। परियोजना को दो साल चार महीने की अवधि में पूरा किया जाना है।

आदेश के अनुसार, राज्य सरकार परियोजना के लिए बिजली संबंधी बुनियादी ढांचे में सहायता देने और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

परियोजना को दी जाने वाली वित्तीय प्रोत्साहन सुविधाओं में स्टांप शुल्क और बिजली शुल्क से छूट भी शामिल है।

## डिजिटल कृषि मिशन और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन में तेजी लाएं राज्यः शिवराज चौहान..



नई दिल्ली, (भाषा)।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को राज्यों से डिजिटल कृषि मिशन और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए तेजी से काम करने को कहा। उन्होंने जोर दिया कि योजनाओं का लाभ केवल सरकारी रिपोर्ट तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि वह ''खेतों और किसानों की जेब तक दिखाई देना चाहिए।'' पूसा में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में चौहान ने कहा कि जिन राज्यों ने योजनाओं को गंभीरता से लागू किया है, उन्होंने अपने निर्धारित लक्ष्यों को 100 प्रतिशत से अधिक हासिल किया है, जबकि कुछ राज्य पीछे रह गए हैं। उन्होंने सभी राज्यों से तय समयसीमा के भीतर काम पूरा करने का आह्वान किया।

मंत्री ने कहा कि किसान आईडी एक महत्वपूर्ण पारदर्शिता उपाय है, जिसके माध्यम से किसानों के बैंक खातों में सीधे भुगतान किया जाता है।

उन्होंने महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ का उदाहरण देते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसान आईडी बनाने तथा इसके लिए शिविर आयोजित करने के लिए पहले ही धन जारी कर चुकी है। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि एक महीने में किसान आईडी बनाने का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब शिविरों के लिए जारी धन का अन्य कार्यों में इस्तेमाल नहीं किया जाए।

सम्मेलन में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, अब तक 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 10.41 करोड़ किसान आईडी बनाई जा चुकी हैं। ये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के 84.68 प्रतिशत लाभार्थियों और करीब 77 प्रतिशत कृषि भूमि को कवर करती हैं।

चौहान ने डिजिटल भूमि रिकॉर्ड के संबंध में नक्शों के एकीकरण और आंकड़ों के सत्यापन को मिशन की ''रीढ़'' बताया। कृषि मंत्रालय ने बताया कि गांवों के नक्शों का भू-संदर्भीकरण 5.9 लाख गांवों में पूरा हो चुका है, जो चिन्हित गांवों का 93.05 प्रतिशत है।

डिजिटल फसल सर्वेक्षण का दायरा वर्ष 2024-25 में 290 जिलों में था जो रबी सत्र 2025-26 तक बढ़ाकर 650 जिला कर दिया गया है। इसे खरीफ सत्र 2026-27 तक 692 जिला पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

चौहान ने दलहन क्षेत्र में कहा कि पिछले वर्ष कुछ क्षेत्रों में बढ़े रकबे और उत्पादन को पूरे देश में दोहराने की जरूरत है, ताकि आयात पर निर्भरता कम की जा सके। उन्होंने कहा कि केवल उत्पादन बढ़ना किसानों के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके लिए प्रसंस्करण, भंडारण और बाजार से जुड़ी सुविधाएं भी जरूरी हैं।

## उत्तर प्रदेश में चीनी की कोई कमी नहीं, आम नागरिक परेशान न हों : योगी..

लखनऊ, (भाषा)।

***उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेशवासियों को भरोसा दिलाया कि राज्य में चीनी की कोई कमी नहीं है इसलिए लोगों को इससे परेशान होने की जरूरत नहीं है।***



एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, योगी ने कहा कि प्रदेश की चीनी मिलों में वर्तमान में 179.38 लाख कुंतल चीनी का भंडार उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि चीनी मिलों ने जून और जुलाई में 235 लाख कुंतल चीनी की बिक्री की है।

मुख्यमंत्री ने एक समीक्षा बैठक में कहा कि सहकारी चीनी मिलों में 23.60 लाख कुंतल, निगम की चीनी मिलों में 5.28 लाख कुंतल और निजी चीनी मिलों में 150.50 लाख कुंतल चीनी उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि जून और जुलाई में चीनी मिलों द्वारा बेची गई 235 लाख कुंतल चीनी में से अधिकांश अभी भी खुले बाजार में उपलब्ध है। आवश्यकता पड़ने पर चीनी मिलों का संचालन 15 अक्टूबर से शुरू किया जाए। योगी ने लोगों से अपील की कि चीनी की कमी की बात कहकर भ्रम फैलाने वालों से सावधान रहें।

उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को चीनी की कालाबाजारी करने और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि कोई भी डीलर 30 दिन से अधिक का चीनी भंडार नहीं रख सकेगा और एक समय में 400 टन से अधिक चीनी का भंडारण भी नहीं कर सकेगा।

उन्होंने कहा कि प्रति माह 10 मीट्रिक टन चीनी की खपत करने वाले थोक उपभोक्ता भी 15 दिन से अधिक का भंडार नहीं रख सकेंगे।

उन्होंने कहा कि चीनी मिलें भी अपने मासिक कोटे के तहत बेची गई चीनी को बिक्री की तारीख से सात दिन से अधिक समय तक गोदाम में नहीं रखेंगी।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले की सभी पंजीकृत चीनी मिलों तथा थोक एवं खुदरा विक्रेताओं के गोदामों का भौतिक सत्यापन कराया जाए और उपलब्ध भंडार की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट प्राप्त की जाए। उन्होंने निर्धारित सीमा से अधिक चीनी का भंडारण करने या जमाखोरी करने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही जिलों में चीनी की उपलब्धता और कीमतों पर लगातार निगरानी रखने को कहा।

योगी ने कहा कि चीनी की कृत्रिम कमी पैदा करने या कीमतों में अनुचित बढ़ोतरी की स्थिति में इसकी जानकारी तत्काल शासन को दी जाए। बयान के अनुसार, बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि पेराई सत्र 2026-27 में 28.14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की खेती होने का अनुमान है। इससे करीब 90 लाख टन चीनी के उत्पादन की संभावना है।

## रियायती स्वैप सुविधा से 72.84 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा प्रवाह आया : आरबीआई..



मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शनिवार को कहा कि विदेशी मुद्रा प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई उसकी रियायती स्वैप सुविधा के तहत 21 अगस्त तक 72.848 अरब डॉलर आए हैं।***

कुल विदेशी मुद्रा प्रवाह में विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) जमा के जरिए 65.397 अरब डॉलर आए। वहीं, विदेशी मुद्रा में विदेशी उधारी (ओएफसीबी) से 4.86 अरब डॉलर और बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) से 2.591 अरब डॉलर का प्रवाह हुआ।

आरबीआई ने पिछले सप्ताह एफसीएनआर (बी) स्वैप सुविधा को एक महीने पहले बंद करने का फैसला किया था। अब इसकी अंतिम तारीख 31 अगस्त कर दी गई है, जबकि पहले यह 30 सितंबर थी। हालांकि, ईसीबी और ओएफसीबी के लिए यह सुविधा पहले की तरह 31 दिसंबर, 2026 तक जारी रहेगी।

आरबीआई ने कहा कि ये कदम वैश्विक बाजार में अनिश्चितता के बीच भारत की बाह्य क्षेत्र की स्थिति मजबूत करने और विदेशी मुद्रा की उपलब्धता बनाए रखने के प्रयासों का हिस्सा हैं।

## भारत, मॉरीशस ने किया दीर्घकालिक ईंधन आपूर्ति समझौता, आईओसी आयात जरूरत पूरी करेगा..

नई दिल्ली, (भाषा)।

भारत और मॉरीशस ने ऊर्जा क्षेत्र में अपनी साझेदारी को मजबूत करते हुए पांच साल के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) मॉरीशस की पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) की आयात जरूरत को पूरा करेगा। इससे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की प्रमुख ऊर्जा सुरक्षा साझेदार के रूप में भूमिका मजबूत होगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की 20-21 अगस्त को मॉरीशस की आधिकारिक यात्रा के दौरान इस समझौते के दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। इसके साथ ही दोनों देशों की सरकारों के बीच तेल एवं गैस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी हुआ। इसमें पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण और जैव ईंधन के क्षेत्र में सहयोग शामिल है।



एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आईओसी और मॉरीशस की स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन के बीच हुआ दीर्घकालिक बिक्री एवं खरीद समझौता मॉरीशस को ईंधन की सुनिश्चित आपूर्ति उपलब्ध कराएगा और कीमतों में उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करेगा।

बयान में कहा गया कि हाल के वर्षों में दक्षिण एशिया के बाहर किसी भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनी द्वारा किया गया यह पहला दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता है।

समझौते के तहत आईओसी मॉरीशस की पेट्रोल, हाई-स्पीड डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) की पूरी आयात जरूरत पूरी करेगी।

अलग से आईओसी ने बताया कि मॉरीशस के मेर रूज में एमएपी लैंड स्थित 27,500 टन क्षमता वाली समुद्री ईंधन भंडारण सुविधा का निर्माण 2.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निवेश से किया गया है। इससे मॉरीशस की समुद्री ईंधन आपूर्ति क्षमता बढ़ने और उसे रणनीतिक समुद्री ईंधन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

यह समझौता ऐसे समय हुआ है जब वैश्विक ईंधन बाजार में संभावित आपूर्ति व्यवधानों के बीच देश अपनी ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। पश्चिम एशिया क्षेत्र में जारी अस्थिरता ने भी ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा के महत्व को बढ़ाया है।

भारत एक प्रमुख तेल शोधन केंद्र के रूप में उभरा है। देश की 23 रिफाइनरियों से हर साल करीब 26.7 करोड़ टन परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन होता है और भारत परिष्कृत ईंधन का शुद्ध निर्यातक है। भारत पहले से ही पड़ोसी देशों नेपाल और भूटान को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति करता है और क्षेत्र के अन्य देशों सहित विभिन्न बाजारों में भी बड़ी मात्रा में ईंधन का निर्यात करता है। मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के दौरान भी भारत ने नेपाल और भूटान को आपूर्ति की अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी करना जारी रखा, जो क्षेत्र के लिए एक भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता के रूप में उसकी स्थिति को दर्शाता है।

सुश्रृत वात क्लिनिक
डॉ. आकाश अनिल शेंडे
बी.ए.एम.एस. (नाशिक)
वात रोग तज्ञ
जनरल फिजिशियन
Regi L - 114791-A
कमर दर्द, सायटिका, आमवात, अस्थीवात, गठियावात, लकवा, नसों का दर्द (मोंदरा) एवं कमर गैप आदि वात रोगों का उपचार..
पता - भिलाई रोड, भारती लॉन के सामने, लांजी मो. 8637707202



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सिविल अस्पताल में भर्ती बिरसा के मरीजों का विधायक ने जाना कुशलक्षेम

### सतत उपचार जारी रखने दिए निर्देश..





जगप्रेरणा लांजी।

*22 अगस्त को लांजी-किरनापुर विधायक राजकुमार कर्राहे ने सिविल अस्पताल लांजी पहुंचकर बिरसा विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों से उपचार के लिए भर्ती मरीजों से*

मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। विधायक ने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उपचार व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान विधायक श्री कर्राहे ने चिकित्सा अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षय कुमार उपराड़े तथा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित खारोले से भर्ती मरीजों की स्थिति और उन्हें दिए जा रहे उपचार की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों का बेहतर उपचार करने तथा उनकी नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। विधायक ने मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने की सलाह देते हुए साफ एवं सुरक्षित पेयजल का सेवन करने, बच्चों को पानी उबालकर पिलाने, मच्छरदानी का उपयोग करने, स्वच्छ कपड़े पहनने तथा पौष्टिक आहार लेने की बात कही। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने और किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर उपचार कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या के लिए मरीज अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। आवश्यकता होने पर वे स्वयं भी अपनी समस्या से उन्हें अवगत करा सकते हैं, ताकि समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षय कुमार उपराड़े ने बताया कि पूर्व में बिरसा विकासखंड के 6 मरीज सिविल अस्पताल लांजी में भर्ती हुए थे, जिनका मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में उपचार किया गया। उपचार के बाद सभी मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं।

वर्तमान में बिरसा विकासखंड के कुल 10 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें 8 बच्चे और 2 वयस्क शामिल हैं। अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है तथा सभी मरीजों के स्वास्थ्य में लगातार सुधार देखा जा रहा है।

विधायक के अस्पताल भ्रमण के दौरान चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के साथ ही मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का भी जायजा लिया गया।

# घुटनों के बल कांवड़ लेकर दादा कोटेश्वर धाम निकला शिवभक्त



जगप्रेरणा लांजी।

*सावन का पवित्र महीना चल रहा है और पूरा इलाका हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज रहा है। इसी बीच क्षेत्र के कोचेवाही गांव से शिवभक्ति की एक ऐसी अदभुत तस्वीर सामने आई है,*

जिसने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया है। यहां के एक युवा शिवभक्त ने वो कर दिखाया है जो आमतौर पर लोग सोच भी नहीं पाते। ग्राम कोचेवाही निवासी सचिन पिता घुनेश्वर बागड़े ने भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी अटूट आस्था दिखाते हुए घुटनों के बल कावड़ यात्रा शुरू की है। 22 अगस्त को सुबह ठीक 8 बजे कोचेवाही के हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद वे सोन नदी के दुमोहन घाट पहुंचे और वहां से पवित्र जल लेकर दादा कोटेश्वर महादेव धाम के लिए रवाना हुए।

बताया जा रहा है कि यह यात्रा बेहद कठिन है। पैदल चलना ही मुश्किल होता है, लेकिन घुटनों के बल कई किलोमीटर की दूरी तय करना किसी तपस्या से कम नहीं है। कच्चे-पक्के रास्ते, बारिश और थकान के बावजूद सचिन के चेहरे पर भक्ति का तेज और हौसला साफ दिखाई दे रहा है। हर कदम पर उनके मुंह से बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारे निकल रहे हैं।

इस कठिन तप में वे अकेले नहीं हैं। उनके इस संकल्प में गांव के करीब 15 लोगों ने साथ देने का फैसला किया है। साथ चलने वालों में युवराज यादव, घनाराम बडघैया, छोटू बागड़े, संजय धारणे, लखाराम बागड़े, दक्ष सहारे, राजा बागड़े सहित अन्य ग्रामवासी शामिल हैं, जो लगातार उनका हौसला बढ़ा रहे हैं और रास्ते में उनकी मदद कर रहे हैं। यात्रा के पहले दिन का पड़ाव दुल्हापुर तय किया गया है। जानकारी के अनुसार इस जत्थे ने दुल्हापुर में विश्राम किया और आज सुबह फिर से यात्रा शुरू कर लांजी स्थित दादा कोटेश्वर धाम पहुंचेगा, जहां विधि-विधान के साथ भगवान कोटेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा।

ग्रामीणों का कहना है कि सचिन ने यह यात्रा गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली और सभी की मनोकामना पूर्ति के लिए संकल्प के रूप में ली है। गांव में इस यात्रा को लेकर काफी उत्साह है। रास्ते में पड़ने वाले गांवों में लोग फूल-मालाओं से इस जत्थे का स्वागत कर रहे हैं और जगह-जगह पानी और जलपान की व्यवस्था कर रहे हैं।

बतादें कि सावन के महीने में लांजी के दादा कोटेश्वर धाम में कांवड़ यात्रा की विशेष धूम रहती है। यहां हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालु वैनगंगा सहित अलग-अलग पवित्र नदियों से जल लेकर भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान पूरा लांजी क्षेत्र शिवमय हो जाता है और बोल बम के जयकारों से गूंज उठता है। इस बार सचिन की यह अनोखी घुटनों वाली यात्रा इस धाम की भक्ति में एक नया अध्याय जोड़ रही है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# बम्हनगांव से कोटेश्वर धाम तक 24 को निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा..




जगप्रेरणा किरनापुर।

*प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बोल बम सेवा समिति बम्हनगांव के द्वारा दिनांक 23/8/2026, दिन रविवार को गांव के शिव चौक के शिव मंदिर में सुंदरकांड रामायण पाठ*

सुबह समय 12,00, बजे से किया जाएगा और दिनांक 24/ 8/ 2026, दिन सोमवार को बम्हनगांव के कांवड़ियों के साथ बाघ नदी एवं सोन नदी के संगम स्थल दो मोहान मुडेसरा संगम तट से जल लेकर दादा कोटेश्वर धाम पैदल यात्रा 45, किलोमीटर की यात्रा तय की जाएगी। इस कांवड़ यात्रा में बाबा भोलेनाथ की झांकी डीजे के धुन के साथ लांजी के लिए प्रस्थान करेंगे। इस कांवड़ यात्रा का बस स्टैण्ड किरनापुर मे स्वागत करते हुए जलपान कराया जाएगा। इस अवसर पर समस्त ग्राम वासियों एवं श्रद्धालु भक्त जनों से कांवड़ यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील बोल बम सेवा समिति अध्यक्ष महेश ठाकरे, संचालक कैलाश सोनी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र वनवे, सचिव पप्पू चौरागडे, कोषाध्यक्ष महेश तिवारी, कार्यक्रम प्रमुख राहुल बाहे, सहसचिव विनोद पाचे ,कैलाश कनौजे ,संरक्षक महेश पाचे, चैनलाल ठाकरे, दिनाराम पाचे, संजय बाहे, नन्दू पाचे, झीलराज धुवारे, नंदू नागेश्वर, नीलेश कनौज, मुंशीलाल बाहे, तुलसीराम बाहे, राजेश नागेश्वर, समल पाचे भुवमेश्रर चौधरी, दिलीप पाचे, महेश पाचे, जितेन्द्र महादेयकर, देवाराम खरे, राजकुमार पाचे, ओमप्रकाश बमानकर, गौतम खरे एवं समस्त सदस्यों ने की है।

# श्रीमती शकुंतला तिड़के का निधन



जगप्रेरणा लांजी।

नगर के वार्ड क्रमांक 09 निवासी एवं गायत्री शक्तिपीठ लांजी के परिव्राजक विनोद तिड़के व शैलेंद्र तिड़के की माताजी श्रीमती शकुंतला तिड़के पति स्वर्गीय सुखराम जी तिड़के (सेवानिवृत शिक्षक) का 86 वर्ष की उम्र में 22 अगस्त को शाम 7:10 बजे निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार आज 23 अगस्त दिन रविवार को सुबह 11:00 बजे कोटेश्वर मोक्ष धाम किया जाएगा। इनके निधन पर परिजनों, इष्ट मित्रों, नाते रिश्तेदारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें, तथा शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# 50 साल पुराने कुंए से निकल रहा गर्म पानी, गांव में मचा कौतूहल..



जगप्रेरणा किरनापुर।

*जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत ग्राम नेवरगांव कला में करीब 50 वर्ष पुराने कुंए से पिछले 10 दिनों से गर्म पानी निकलने की जानकारी सामने आई है।*

अचानक पानी गर्म आने की खबर फैलने के बाद गांव में कौतूहल का माहौल है और आसपास के लोग भी इस कुएं को देखने पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नवेगां कला के वार्ड क्रमांव निवासी मुरलीधर कुत.... पिता नोहरलाल कुतराहे के घर स्थित करीब 50 वर्ष पुराने कुएं से पिछले लगभग 10 दिनों से गर्म पानी निकल रहा है। लंबे समय से सामान्य पानी देने वाले इस कुएं से अचानक गर्म पानी आने की जानकारी ग्रामीणों के लिए हैरानी का विषय बनी हुई है।

इस मामले में ग्राम पंचायत नेवरगांव कला के सचिव विकेश बावनकर से दूरभाष पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि उन्हें कुएं से गर्म पानी निकलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर कुएं और पानी की स्थिति देखी। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पानी का सैंपल जांच के लिए पीएचसी भेजा गया। पंचायत सचिव के अनुसार पानी की जांच में फिलहाल इसे पीने योग्य बताया गया है। हालांकि पानी गर्म आने के पीछे क्या कारण है, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। कुएं के पानी का तापमान सामान्य से अधिक क्यों हो गया है, इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर आगे जांच की आवश्यकता है। गांव में जैसे ही कुएं से गर्म पानी निकलने की जानकारी फैली, आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचने लगे। ग्रामीणों के बीच यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग कुएं का पानी देखकर इसकी वजह जानने को लेकर उत्सुक नजर आ रहे हैं। पंचायत सचिव ने बताया कि इस पूरे मामले की जानकारी जनपद पंचायत किरनापुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी दी गई है। अब प्रशासन की ओर से मामले में आगे क्या जांच कराई जाती है और पानी के गर्म होने का वास्तविक कारण क्या सामने आता है, यह देखना होगा। फिलहाल पानी की जांच में उसके पीने योग्य होने की जानकारी सामने आने के बावजूद कुएं से अचानक गर्म पानी निकलना ग्रामीणों के लिए रहस्य बना हुआ है। प्रशासनिक जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि पानी गर्म होने के पीछे प्राकृतिक कारण है या कोई अन्य वजह।

# कांग्रेस कमेटी के मुकेश चौहान को लांजी नगर कांग्रेस प्रभारी की जिम्मेदारी



जगप्रेरणा लांजी।

जिला कांग्रेस पार्टी बालाघाट के द्वारा जिला कार्यसमिति की सूची जारी की गई है। सूची में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिनमे जनरल सेक्रेटरी, वाइस प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी आदि को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों एवं नगरीय निकायों मे प्रभावी कार्य हेतु नियुक्ति की गई है। सभी नियुक्तियां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला अध्यक्ष विधायक संजय उइके, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव हिना कावरे, कि अनुशंसा पर सभी नियुक्तियां की गई है।

### इसी क्रम में जिला कॉग्रेस कमेटी सचिव

मुकेश चौहान को लांजी नगर का प्रभारी बनाया गया है। मुकेश चौहान की नियुक्ति से स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन को नगर स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा।नवनियुक्त प्रभारी मुकेश चौहान ने संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में सक्रियता से कार्य करने की बात कही।

आपकी नियुक्ति पर पूर्व विधायक हीना कावरे, जनपद पंचायत लांजी अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल, उपाध्यक्ष अजय अवसरे, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला अध्यक्ष ऋषि पटेल दशरिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी अध्यक्ष रेवाजी कराटकरे, नगर कांग्रेस कमेटी लांजी अध्यक्ष सौरभ मोनू पशीने, मुकेश जोशी, मनीष जुझार, मनीषा रविन्द्र धारणे, ललित कबीरे, अशोक पालीवाल, पूनम आसटकर, राजू बापुरे, संतोष आवरे, ज्योति ईश्वर उमरे, ओमकार रहांगडाले, खेमचंद दानी, मुकेश दसरिया, राजू मेंढे, मुकेश रणदिवे, महेन्द्र सोनवाने, शरद आसटकर, दिनेश लांडे, संजीत ठाकरे, देबीलाल चौधरी, आशीष सोनू श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र चूटे, घनश्याम पटले, संजय वानखेड़े, कोमल काडे, योगेन्द्र मिश्रा, राम ठाकरे, लिखेन्द उपराड़े, एडवोकेट अनमोल तिडके, जीतू मोरघड़े, सुरेन्द्र चौधरी, पन्ना बिल्हारे, पोषण मस्करे, नरेन्द्र नागपुरे, बंटी पटेल, मोनू हरिनखेड़े, अफ्जल बेग, आरिफ बेग, सैयद अरशद, इरशाद खान, गणेश बागड़े, राजू सोयाम, प्रभुदयाल किरमें, विनोद उमरे, टुमन घोरमारे, सिद्धीक अंसारी, अफसाना अंसारी, जुग्गू खान, बब्बू भाईजान, युवराज पटले, महेश चौधरी, गोवर्धन घोरमारे, श्याम बेदरे, राधेश्याम नखाते, रविन्द्र धारने, दिनेश चौहान, लीलाराम मानकर, अमन श्रीवास्तव, शिवम् नखाते, लक्ष्मण कावरे, रामकृष्ण गिरिया, कल्याण कालबेले, योगदास नागपुरे, अजीत नागपुरे, गुरुदास लिल्हारे, रामेश्वर बिल्थरे, विश्वनाथ मोरघड़े, मुरली बावनथडे, स्नेहा बागड़े, राकेश बागड़े, कैलाश मस्करे, बब्लू उमरे, पप्पू कावडे, भरत बड़में, नरेश चौहान, सीताराम बड़मे, चंद्रकांत किरनापूरे, प्रवीण दुबे, पप्पू कामरी, सुखराम बड़में, दिलीप रामटेके, पवन कश्यप, विजय रामटेकर, राजेश पन्द्रे, सखाराम वरकड़े, गुड्डु गोस्वामी, नरेन्द्र मोतीचुर, ललित वरकड़े, राकेश पद्रे सहित सभी कॉग्रेस जनों ने बधाई प्रेषित की है।

# खेत में काम कर रहे राकेश को जहरीले सांप ने काटा..

### समय पर उपचार मिलने से बची जान..



जगप्रेरणा लांजी।

ग्राम देवरबेली निवासी 35 वर्षीय राकेश पिता साकुलाल यादव के साथ 22 अगस्त की सुबह खेत में काम करने के दौरान सर्पदंश की घटना सामने आई। राकेश के अनुसार, सुबह करीब 7 बजे वह खेत गया था। खेत की धुरे पर चलते समय अचानक उसका पैर नांग सांप के ऊपर पड़ गया, जिसके बाद सांप ने उसके पैर में काट लिया। सर्पदंश के बाद राकेश तत्काल अपने घर पहुंचा और परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी। उसके अनुसार, कुछ ही देर में उसका गला सूखने लगा तथा हाथ-पैर कांपने लगे। उसकी हालत बिगड़ती देख परिवार के लोगों ने तत्काल चारपहिया वाहन की व्यवस्था की और उसे उपचार के लिए लांजी रवाना किया। राकेश के साथ उसके भाई राजेन्द्र यादव, समल यादव तथा वाहन मालिक विष्णु आचरे भी लांजी पहुंचे। देवरबेली से लांजी पहुंचने में करीब पौने दो घंटे का समय लगा और सुबह लगभग 8:45 बजे वे लांजी पहुंचे। इस दौरान राकेश की तबीयत लगातार बिगड़ रही थी।

### कोटेश्वर भगवान का नाम लेकर दी जड़ी-बूटी..

लांजी पहुंचने के बाद राकेश ने आत्माराम चन्ने को सांप द्वारा पैर में काटे जाने की जानकारी दी। राकेश के परिजनों के अनुसार, आत्माराम चन्ने ने भगवान कोटेश्वर का नाम लेकर उसे खाने के लिए जड़ी-बूटी दी। परिजनों का दावा है कि जड़ी-बूटी लेने के कुछ समय बाद राकेश को धीरे-धीरे राहत महसूस होने लगी और करीब एक घंटे के भीतर उसकी हालत सामान्य हो गई।

### करीब 45 वर्षों से सर्पदंश पीड़ितों को नि:शुल्क जड़ी-बूटी देने का दावा..

स्थानीय लोगों के अनुसार, आत्माराम चन्ने के परिवार में कई पीढ़ियों से सर्पदंश के मामलों में जड़ी-बूटी देने की परंपरा चली आ रही है। बताया गया कि आत्माराम चन्ने स्वयं पिछले करीब 45 वर्षों से सर्पदंश के शिकार लोगों को जड़ी-बूटी देते आ रहे हैं और इसके लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लेते। उनके पास प्रतिवर्ष आसपास के क्षेत्रों से सर्पदंश के करीब 25 से 50 पीड़ित पहुंचने का दावा किया जाता है। आत्माराम चन्ने इसे भगवान कोटेश्वर महादेव की कृपा मानते हैं। सर्पदंश से पीड़ित लोगों को वे भगवान कोटेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर नारियल चढ़ाने की सलाह भी देते हैं।

# सन शाइन किड्स प्ले स्कूल लांजी में उत्साह से मनाया गया हरित दिवस









जगप्रेरणा लांजी।

नगर में संचालित सन शाइन किड्स प्ले स्कूल लांजी में शनिवार, 22 अगस्त 2026 को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति बच्चों में प्रेम एवं जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से ग्रीन डे (हरित दिवस) उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर स्कूल परिसर को हरे रंग के गुब्बारों, रिबन तथा बच्चों द्वारा बनाए गए पेड़-पौधों के चित्रों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के संचालक अविनाश रैंच एवं प्रधान पाठिका श्रीमती योगेश्वरी रैंच द्वारा की गई।

प्रधान पाठिका ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाते हुए कहा कि बचपन से ही बच्चों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

### फैंसी ड्रेस से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश..

हरित दिवस के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें फैंसी ड्रेस, सेव ट्री और सेव अर्थ जैसी गतिविधियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों ने पेड़, पत्तियों, सब्जियों और फलों के रूप धारण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यालय की प्रधान पाठिका, समस्त शिक्षिकाओं एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मिलकर हरित दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और संरक्षण की भावना विकसित करना रहा।

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हेमंत नायक
मो. 88273 19933

10 रविवार 23 अगस्त 2026

जग प्रेरणा live मंडला नैनपुर

● बिछिया ● बीजाडांडी ● घुघरी ● मवई ● मोहगांव ● नारायणगंज ● निवास

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### समय बदलाव का पहला दिन ही अव्यवस्था की भेंट..

# शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस लेट, नैनपुर में घंटों रुकी मंडला पैसेंजर, यात्रियों को हुई परेशानी

**जगप्रेरणा नैनपुर/मंडला।**
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (स्भ्वष्ट्क्र) द्वारा यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी देने के उद्देश्य से ट्रेन नंबर 58823 छिंदवाड़ा-मंडलाफोर्ट पैसेंजर के समय में किया गया बदलाव पहले ही दिन अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। शनिवार को शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस के विलंब से नैनपुर पहुंचने के कारण मंडला जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को स्टेशन पर रोककर रखना पड़ा। इससे छिंदवाड़ा, सिवनी और केवलारी की ओर से पहुंचे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।




## जबलपुर से ही लेट हुई एक्सप्रेस..

शनिवार को शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह 8:50 बजे के बजाय जबलपुर से करीब 10:05 बजे रवाना हुई। इसके चलते ट्रेन नैनपुर भी निर्धारित समय 11:40 बजे के बजाय करीब 12:38 बजे पहुंची। एक्सप्रेस के विलंब का असर मंडला जाने वाली पैसेंजर ट्रेन के संचालन पर भी पड़ा।

## कनेक्टिविटी के लिए बदला गया था समय

रेल प्रशासन ने 22 अगस्त 2026 से छिंदवाड़ा-मंडलाफोर्ट पैसेंजर का नैनपुर स्टेशन पर आगमन समय बदलकर सुबह 11:20 बजे और प्रस्थान 11:30 बजे निर्धारित किया था। इस बदलाव का उद्देश्य ट्रेन नंबर 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस से नैनपुर पहुंचने वाले यात्रियों को मंडला के लिए बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना था।

## पैसेंजर ट्रेन को नैनपुर में रोकना पड़ा..

एक्सप्रेस से आने वाले यात्रियों को मंडला जाने वाली ट्रेन की कनेक्टिविटी देने के लिए पैसेंजर ट्रेन को नैनपुर में रोके रखा गया। सुबह 11:30 बजे रवाना होने वाली ट्रेन दोपहर 12:02 बजे के बाद आगे बढ़ सकी। इस दौरान ट्रेन में बैठे यात्रियों के साथ-साथ स्टेशन पर मौजूद यात्रियों को भी इंतजार करना पड़ा।

## यात्रियों ने उठाए समय पालन पर सवाल..

दैनिक यात्रियों का कहना है कि केवल ट्रेनों के समय में बदलाव कर कनेक्टिविटी बेहतर नहीं की जा सकती। इसके लिए संबंधित एक्सप्रेस ट्रेनों का समय पर संचालन भी जरूरी है। यात्रियों का आरोप है कि यदि मुख्य ट्रेनों की समयपालन व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी तो कनेक्टिविटी के लिए किया गया समय बदलाव उल्टा यात्रियों की परेशानी बढ़ा सकता है। यात्रियों ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन से जबलपुर-नैनपुर रेलखंड पर ट्रेनों का समय पालन सुनिश्चित करने तथा नई समय-सारणी को व्यवस्थित रूप से लागू करने की मांग की है।

# जिला वनोपज सहकारी यूनियन में भाजपा का कब्जा, सभी आठ प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित..

## आठ वर्षों से लंबित चुनाव में भाजपा की रणनीति सफल, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पार्टी कार्यालय में हुआ भव्य स्वागत..



**जगप्रेरणा मंडला।**
जिला वनोपज सहकारी यूनियन पूर्व सामान्य मंडला के करीब आठ वर्षों से लंबित चुनाव आखिरकार शनिवार को संपन्न हुए।

लंबे इंतजार के बाद हुए निर्वाचन में भारतीय जनता पार्टी समर्थित सभी आठ प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर संगठन को बड़ी सफलता दिलाई। चुनाव परिणाम सामने आते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भाजपा जिला कार्यालय में पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर नवीन गिरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष पद पर सावन लाल सरोते, प्रदेश प्रतिनिधि पद पर भारत लाल झारिया तथा जिला सहकारी प्रतिनिधि पद पर मानसिंह मरकाम निर्वाचित हुए। इसके अलावा अन्य पदों पर भी भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत हासिल की।

## चुनाव से पहले तैयार की गई थी रणनीति..

वनोपज सहकारी यूनियन के चुनाव को लेकर भाजपा ने पहले से ही व्यापक रणनीति तैयार की थी। पार्टी ने चुनाव की जिम्मेदारियां तय करते हुए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में चुनावी रणनीति तैयार की गई। इसमें संजय कुशराम को चुनाव प्रभारी एवं रोचीराम गुरवानी को प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई, जबकि दानसिंह राजपूत ने सहप्रभारी के रूप में भूमिका निभाई। पार्टी की रणनीति और कार्यकर्ताओं के समन्वित प्रयासों के बाद भाजपा समर्थित सभी आठ प्रत्याशियों ने निर्वाचन में सफलता हासिल की।

## भाजपा कार्यालय में हुआ स्वागत..

चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारी भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी आठ प्रत्याशियों का निर्वाचित होना संगठन के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि संगठन और अपने क्षेत्र के लिए बेहतर कार्य करने वाले लोगों को समर्थन मिलता है। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से अपेक्षा जताई कि वे अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

## वनोपज सहकारी क्षेत्र को आगे बढ़ाने की चुनौती..

करीब आठ वर्षों तक चुनाव लंबित रहने के बाद अब नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के सामने वनोपज सहकारी यूनियन की व्यवस्था को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी होगी। वनोपज से जुड़े सहकारी प्रतिनिधियों के हितों, संस्थागत व्यवस्था और क्षेत्रीय आवश्यकताओं को लेकर इन पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

भाजपा नेताओं ने उम्मीद जताई कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी सहकारिता की भावना के अनुरूप कार्य करते हुए वनोपज से जुड़े सदस्यों एवं प्रतिनिधियों के हितों को प्राथमिकता देंगे और यूनियन को मजबूत बनाने में योगदान करेंगे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की जीत पर प्रदेश कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में मोहगांव के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

## सांदीपनि विद्यालय चाबी के दो विद्यार्थियों ने प्रदेश स्तर पर हासिल किया स्थान..





**जगप्रेरणा मंडला।**
***नरसिंहपुर जिले के साईंखेड़ा में 20 एवं 21 अगस्त 2026 को आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में मंडला*** जिले के मोहगांव विकासखंड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

मोहगांव विकासखंड से जोन स्तरीय जबलपुर प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मंच पर विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान सांदीपनि विद्यालय चाबी के दो विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र को गौरवान्वित किया।

कक्षा 9वीं की छात्रा आयुषी प्रजापति ने इतिहास विषय में उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 8वीं के छात्र निधिश शुक्ला ने प्रश्न मंच प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। आयुषी प्रजापति द्वारा प्रस्तुत मॉडल की शिक्षा मंत्री ने विशेष सराहना करते हुए उनकी रचनात्मकता, विषय की समझ और प्रस्तुति कौशल की प्रशंसा की। इस उपलब्धि से मोहगांव विकासखंड, विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार कलेक्टर राहुल नामदेव घोटे, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीणा तथा जिला परियोजना समन्वयक अशोक शुक्ल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में सहभागिता की। विद्यार्थियों की सफलता में मार्गदर्शी शिक्षक कविंद्र शाह कोकड़े, पार्वती परते, बीआरसी डॉ. विनीत दुबे, विद्यालय प्राचार्य जोधसिंह धुर्वे, जनशिक्षक 'दयानंद आर्मो एवं मायाराम यादव' सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मॉडल निर्माण, विषय-वस्तु की तैयारी एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता के लिए निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया।

राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दोनों विद्यार्थियों को क्षेत्रवासियों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल के विद्यार्थी भी प्रतिभा, लगन और परिश्रम के बल पर प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

# भीमा नवा: मंडला की माटी का अनोखा आदिवासी पर्व, महंगाई ने फीकी की पकवानों की मिठास..

## मवई के नयेगांव में परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया पर्व, पशुधन और अन्न के प्रति जताया आभार



**जगप्रेरणा मंडला।**
***मवई विकासखंड के नयेगांव (नवगंवा) में शुक्रवार को आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक भीमा नवा पर्व पूरे उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। ग्रामीण समाजसेवी*** एवं गोंडवाना गीतकार धन सिंह परते सहित पूरे गांव ने पुरखों से चली आ रही इस अनूठी परंपरा का निर्वहन किया। पर्व के दौरान गांव में उत्सव का माहौल रहा और घर-घर पारंपरिक पकवान बनाए गए।

मंडला जिले में भीमा नवा की खासियत यह है कि इसकी तिथि किसी पंचांग या कैलेंडर के आधार पर निर्धारित नहीं होती। गांव के बुजुर्गों की सामूहिक बैठक में पर्व की तिथि तय की जाती है। सामान्यतः यह पर्व हरियाली अमावस्या से पहले मनाया जाता है। किसी कारणवश निर्धारित समय पर आयोजन नहीं हो पाने की स्थिति में इसे हरियाली अमावस्या और रक्षाबंधन के बीच भी मनाया जाता है।

## एकता और सामूहिकता का प्रतीक

भीमा नवा पूरे गांव को एक सूत्र में बांधने वाला पर्व माना जाता है। पर्व की तिथि तय होने के बाद उस दिन गांव में लगभग सभी कामकाज बंद रहते हैं। ग्रामीण खेतों और अन्य दैनिक कार्यों से विराम लेकर परिवार और समाज के साथ समय बिताते हैं। एक-दूसरे के घर जाकर मेल-मिलाप करने की परंपरा सामाजिक रिश्तों को मजबूत करती है।

## घर-घर बने पारंपरिक पकवान

भीमा नवा के अवसर पर घर-घर में उड़द दाल के बड़े, चीला-उल्टा, बबरा, गुलगुले सहित अनेक पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं। हालांकि इस वर्ष गुड़ और शक्कर की बढ़ती कीमतों का असर पर्व की तैयारियों पर भी नजर आया। ग्रामीणों के अनुसार महंगाई के कारण कई परिवारों ने पारंपरिक मिठाइयों और मीठे पकवानों की मात्रा कम रखी। इससे पर्व की रौनक तो बरकरार रही, लेकिन पकवानों की मिठास कुछ फीकी महसूस हुई।

## पशुधन और अन्न के प्रति कृतज्ञता

पर्व के दिन घरों की गोबर और छुई मिट्टी से लिपाई की जाती है। परिवार के बड़े-बुजुर्ग उपवास रखते हैं। शाम के समय अन्न माता और ग्राम देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है।

भीमा नवा की सबसे भावुक और महत्वपूर्ण परंपरा शाम के समय देखने को मिलती है। महिलाएं और बुजुर्ग स्वच्छ पारंपरिक वस्त्र धारण कर कांसे के बर्तनों में पकवान सजाकर घर के द्वार पर पशुधन के स्वागत के लिए खड़े रहते हैं। जंगल से लौटने वाले गाय-बैलों को पहले जल से शुद्ध किया जाता है। इसके बाद उनके माथे पर हल्दी-चावल का तिलक लगाकर उन्हें प्रेमपूर्वक पारंपरिक पकवान खिलाए जाते हैं।

यह परंपरा ग्रामीण जीवन में पशुधन के महत्व और उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना को दर्शाती है। साथ ही यह पर्व प्रकृति, अन्न और पशुधन के साथ आदिवासी समाज के गहरे संबंध को भी सामने लाता है।

## नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने की जरूरत

समाजसेवी पी.डी. खैरवार ने कहा कि भीमा नवा सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति, अन्न और पशुधन के प्रति सम्मान व्यक्त करने की आदिवासी परंपरा है। ऐसे पर्व सामाजिक एकता, प्रेम, दया और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और पारंपरिक संस्कृति से जोड़ना जरूरी है। इसके लिए ऐसे लोकपर्वों और परंपराओं का संरक्षण किया जाना चाहिए।

भीमा नवा आज भी मंडला की आदिवासी संस्कृति, सामूहिकता और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का जीवंत प्रतीक बना हुआ है। बदलते समय और बढ़ती महंगाई के बावजूद ग्रामीणों ने अपनी सदियों पुरानी परंपरा को उत्साह के साथ निभाकर सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

# धनगर समाज प्रदेशाध्यक्ष का मंडला प्रवास, मंत्री संपतिया उईके से की सौजन्य भेंट..



**जगप्रेरणा मंडला।**
***ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष श्री अनिल धनगर (जबलपुर) का वीरांगना रानी दुर्गावती की नगरी मंडला प्रवास हुआ। इस दौरान उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के साथ मध्यप्रदेश शासन की*** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट की तथा समाज की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मध्यप्रदेश में धनगर समाज की आबादी 72 लाख से अधिक तथा मतदाताओं की संख्या 50 लाख से अधिक है।

इसके बावजूद मध्यप्रदेश गठन के बाद से अब तक लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभा चुनावों में समाज को राजनीतिक प्रतिनिधित्व के पर्याप्त अवसर नहीं मिले हैं। इसको लेकर समाज में असंतोष व्याप्त है। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी चुनावों में धनगर समाज को राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग रखी। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और ज्ञापन स्वीकार करते हुए प्रदेशाध्यक्ष श्री अनिल धनगर को आश्वासन दिया कि ज्ञापन की प्रति भोपाल पहुंचकर संबंधित स्तर पर प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद बिंझिया तिराहे पर आयोजित समाज की बैठक को प्रदेशाध्यक्ष श्री अनिल धनगर ने संबोधित किया। इस अवसर पर श्री संतोष बघेल (धनगर), मंडला को ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ में प्रदेश संगठन सह सचिव के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महाराजपुर स्थित ज्वाला जी वार्ड में स्थापित लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाज के लोगों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर जबलपुर धनगर समाज के जिलाध्यक्ष श्री गोपाल पाली, दतिया जिलाध्यक्ष श्री सेवाराम बघेल (धनगर), जबलपुर के श्री लाखन सिंह बघेल (धनगर), मंडला के सचिव श्री अमृतलाल धनगर, धनगर युवा सेना के महासचिव एवं पत्रकार श्री प्रमोद धनगर, श्री मुकेश बघेल, श्री रामकुमार नीखर, धनगर युवा सेना भारत के जिला अध्यक्ष श्री नंद किशोर धनगर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम गोंझीरैयत में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण




**जगप्रेरणा मंडला।**
***ग्राम पंचायत गोंझीरैयत में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गोंझीरैयत एवं नवांकुर संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया*** गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन अभियान परिषद के सलाहकार शिवनारायण पटेल ने कहा कि जिस प्रकार भगवान शिव ने सृष्टि की रक्षा के लिए विष का पान किया था, उसी प्रकार पेड़ वातावरण से कार्बन डाई ऑक्साइड ग्रहण कर हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जबलपुर संभाग समन्वयक रवि बर्मन, जिला समन्वयक सुशील बर्मन, विकासखंड समन्वयक संतोष झारिया, परामर्शदाता संतोष रजक सहित जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# खासदार प्रफुल पटेल की उपस्थिति में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का दामन थामा..

## सर्वसमावेशी विकास की नीति को जनता की पसंद, गोंदिया, तिरोड़ा सहित अर्जुनी मोरगांव और सालेकसा तहसील के कार्यकर्ताओं ने अपनाई राष्ट्रवादी कांग्रेस की राह





जगप्रेरणा आमगांव।

*राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी और जनहितैषी नीतियों पर विश्वास जताते हुए गोंदिया और तिरोड़ा* तहसील सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया। रामनगर, गोंदिया स्थित सांसद प्रफुल पटेल के निवास पर उनकी उपस्थिति में प्रवेश समारोह संपन्न हुआ।

सांसद प्रफुल पटेल के नेतृत्व तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की जनहितैषी और सर्वसमावेशी विकास की भूमिका पर बढ़ते विश्वास का परिचय इस पार्टी प्रवेश से मिलता है। विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में सक्रिय कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवादी कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ते हुए संगठनात्मक कार्य को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया।

प्रवेश समारोह में तिरोड़ा तहसील के पूर्व मुख्याध्यापक विकास कडू भांडारकर, पांजरा के पूर्व उपसरपंच भाऊराव टीकाराम बावनकर, अरविंद शालिकराम चामट, शुभम प्रकाश भांडारकर और एकता रोडणे (माडगी) ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया। वहीं गोंदिया तहसील के चारगांव के उपसरपंच संतोष शेडे सहित गोंदिया शहर के अनेक युवा कार्यकर्ताओं ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

गोंदिया शहर से लक्की पवार, विक्की ठाकरे, नैतिक जैतवार, आयुष चौहान, हनु फाल्के, अनमोल नेताम, कुणाल लिल्हारे, निखिल लिल्हारे, शिवम लिल्हारे, भूषण उके, चैतन्य तुरकर, पियूष ठाकरे, शौर्य राठोड, अविनाश तिडके, स्मित वरोड, रेहान कुरैशी, देवेन मेश्राम, दुर्गेश भोयर, सचिन मानकर, प्रतिक बाबा, प्रियांशु मेश्राम, सक्षम टेंभरे, सक्षम गौतम, विकास बुरले, बॉबी, आदित्य दमाहे, शिरीष दमाहे, देवांश जगने, मोहित बम्भारे, सत्यम तुरकर, श्रेयश राऊत, वेद कटकवार, आर्यन साठवणे, अभिषेक शर्मा, वंश राहंगडाले, निखिल बिसेन, प्रियांशु गौतम, मोहित शेंडे, ऋषभ वनिया, मयंक लिल्हारे, अनमोल राऊत, वेक्टर सोनी, पुरवेश शेंडे, भुवन शहारे, शाहिल शेख, राम बनोटे, राजेश पटले, मयूर बिसेन, उज्ज्वल पटेल, जय नारनवरे, प्रज्वल शेंडे, क्षितिज इंगळे, रिशप विनय, सम्यक रामटेके, रोहित जाधव, अलफैझ सैय्यद, अमर शेख, रेहान बेग, विनायक टेकाम, ऊझफ शेख, तुसार उके, अजिल खान, राज खापे, हर्ष सिलापे, तोहीद पठाण, प्रज्वल नागरीकर, सैम पटेल, गौरव बारीकर, शिव कापसे और ठाकरे जी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया।

# 'रानभाजियों के सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है'- विमल कटरे..

## तालुकास्तरीय रानभाजी महोत्सव उत्साहपूर्वक संपन्न, दुर्लभ रानभाजियों की प्रदर्शनी एवं बिक्री को उत्स्फूर्त प्रतिसाद..





जगप्रेरणा सालेकसा।

*'रानभाजियों के सेवन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद मिलती है। प्रकृति से प्राप्त इन भाजियों में अनेक पोषक एवं औषधीय गुण होने के कारण पारंपरिक आहार में उनका समावेश होना आवश्यक है।*

स्थानीय स्तर पर उपलब्ध रानभाजियों को बाजारपेठ उपलब्ध होने पर किसानों एवं महिला बचत समूहों को आर्थिक रूप से इसका लाभ मिल सकता है,÷ ऐसा प्रतिपादन जिला परिषद सदस्य श्रीमती विमलताई कटरे ने किया। वे इस अवसर पर तालुका कृषि अधिकारी कार्यालय की ओर से आयोजित तालुकास्तरीय रानभाजी महोत्सव कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बोल रही थीं।

पारंपरिक आहार में शामिल पौष्टिक एवं औषधीय गुणों वाली रानभाजियों के महत्व को नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंचायत समिति सभागृह, सालेकसा में तालुकास्तरीय रानभाजी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव को नागरिकों, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं किसानों का उत्फूर्त प्रतिसाद मिला। महोत्सव का उद्घाटन पंचायत समिति सालेकसा की सभापति विनाताई कटरे के हाथों हुआ। प्रमुख अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य विमल कटरे, सालेकसा नगराध्यक्ष विजयजी फुंडे, गटविकास अधिकारी संजय पुरी, सीईओ प्रमोद कांबले, श्री बहेकारजी, श्री मडावीजी, युवा पत्रकार पवन पाथोडे, तालुका कृषि अधिकारी श्रीमती नम्रता चौधरी, प्रगतिशील किसान देवराम चुटे सहित कृषि विभाग, माविम एवं उमेद के कर्मचारी, महिला बचत समूह तथा किसान उपस्थित थे।

कार्यक्रम का प्रास्ताविक तालुका कृषि अधिकारी श्रीमती नम्रता चौधरी ने किया। महोत्सव में विभिन्न प्रकार की दुर्लभ एवं औषधीय रानभाजियों की प्रदर्शनी लगाई गई। रानभाजियों में मौजूद विभिन्न पोषक तत्वों, औषधीय गुणों तथा स्वास्थ्य के लिए उनके महत्व के संबंध में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई।

इस अवसर पर गटविकास अधिकारी संजय पुरी ने रानभाजियों से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में होने वाली मदद तथा उनके विभिन्न औषधीय गुणों के संबंध में मार्गदर्शन किया। महोत्सव में विभिन्न रानभाजियों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की गई। तालुका क्षेत्र के नागरिकों, महिलाओं एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में महोत्सव में पहुंचकर विभिन्न रानभाजियों की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में रखी गई अधिकांश रानभाजियों की बड़े पैमाने पर बिक्री होने से सहभागी महिला बचत समूहों एवं किसानों को अच्छा प्रतिसाद मिला।

इस अवसर पर रानभाजी पाककला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विभिन्न रानभाजियों से तैयार किए गए खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन किया गया। पाककला प्रतियोगिता में सहभागी तथा स्टॉल लगाने वाले महिला बचत समूहों को सभापति विनाताई कटरे के हाथों शिल्ड एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्री घनश्याम चचाने, सहायक प्रौद्योगिकी प्रबंधक ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन श्री खिल्लारे, सहायक कृषि अधिकारी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कृषि विभाग, माविम एवं उमेद के कर्मचारियों ने सहयोग किया। महोत्सव में बड़ी संख्या में किसान एवं नागरिक सहभागी हुए।

# नागेश्वर महादेव मंदिर की ओर से भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन..

## बाघनदी से नागेश्वर महादेव मंदिर तक निकली भव्य कांवड़ यात्रा, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल..



जगप्रेरणा प्रा.गणेश भदाडे आमगांव।

*श्रावण मास के पावन अवसर पर नागेश्वर महादेव मंदिर की ओर से भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। वाघ नदी से पवित्र जल लेकर बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने कांवड़ यात्रा निकाली और नागेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।*

इस दौरान 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इसी श्रद्धा के साथ नागेश्वर महादेव मंदिर की ओर से कांवड़ यात्रा आयोजित की गई। यात्रा के लिए सुबह से ही वाघ नदी परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। श्रद्धालुओं ने वाघ नदी से पवित्र जल कांवड़ में भरा और भगवान शिव का नामस्मरण करते हुए यात्रा की शुरुआत की।

कांवड़ यात्रा में महिला, पुरुष और युवाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। कई श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। हाथों में कांवड़ लेकर श्रद्धाभाव से आगे बढ़ रहे शिवभक्तों के कारण पूरे मार्ग पर धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। 'हर हर महादेव', 'बम बम भोले' और 'जय भोलेनाथ' के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

वाघ नदी से शुरू हुई कांवड़ यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए नागेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्तिभाव देखने को मिला। मंदिर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने वाघ नदी से लाए गए पवित्र जल से भगवान नागेश्वर महादेव का अभिषेक किया। इसके बाद भगवान शिव के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की।

इस अवसर पर नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना, अभिषेक और अन्य धार्मिक विधियों में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक हिस्सा लिया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन के लिए राधेश्याम पाथोडे, सुभाष पाथोडे, महेंद्र पवार, रोशन भारती, अविनाश शेंडे, छबिलाल खोटेले, महेश गोस्वामी, संतोष हेमने, बबीता पाथोडे और रेखा गायधने सहित मंदिर समिति के पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों तथा श्रद्धालुओं ने विशेष प्रयास किए।

श्रावण मास में आयोजित इस भव्य कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता से क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ भगवान महादेव की आराधना कर कांवड़ यात्रा को सफल बनाया।

समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

# हर्षे पैरामेडिकल एंड एग्रीकल्चर कॉलेज आमगांव में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस..

## मेधावी छात्र हुए सम्मानित..



जगप्रेरणा आमगांव।

*'हर्षे पैरामेडिकल एंड एग्रीकल्चर कॉलेज, आमगांव' में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के* माहौल में संपन्न कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा फहराने और राष्ट्रगान के साथ हुई। समारोह में बतौर प्रमुख अतिथि के रूप मे संचालक साई क्लिनिकल लॅब श्री.रितेश अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य आरजू हर्षे ने की।

ध्वजारोहण के पश्चात आयोजित सम्मान समारोह में एग्रीकल्चर, डीएमएलटी **(DMLT)** और जीएनएमए **(GNMA)** के राज्य एवं जिला स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। एग्रीकल्चर विभाग से विलास राकडे 97.44 प्रति. एवं स्नेहा पटले 93.78 प्रति. जिले मे प्रथम और द्वितीय है, **DMLT** विभाग से सोनल रहांगडाले 92.78 प्रति. और पूजा मुनेश्वर 9 . के साथ जिले मे प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वैसे ही **GNMA** विभाग से शीतल मस्के 87.14 प्रति. और पूनम उईके 87 प्रति.के साथ जिल्हे मे शीर्ष स्थान पे रहे। हर्षे पैरामेडिकल एंड एग्रीकल्चर कॉलेज के विद्यार्थी हर साल राज्य और जिल्हे मे अपने उपलब्धीयों का लोहा मनवाते है। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों और कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सतीश बावनथड़े, डिंपल पटले, हेमंत चावके, मीना उजवने, डॉ. गुणवता कटरे, डॉ. ठाणेंद्र कटरे, शिखा पांडे, प्रियंका मेश्राम, राहुल कटरे, यामिनी ढोरे और ममता राहंगडाले, पंचफुला हत्तीमारे सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

समारोह का समापन राष्ट्रभक्ति गीतों और मिष्ठान वितरण के साथ हुआ।

# गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

## दो साल पुराने विवाद पर चलाई लाठी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/8/2026 के दोपहर 4 बजे के दरम्यान गिधाडी मे फर्यादी छगनलाल ताराचंद मेहरे उम्र 55 वर्ष निवासी गिधाडी को आरोपी ने दो साल पुराने झगडे को लेकर गालीगलोच की और बास की लकड़ी से मारकर जख्मी किया और उसके घर की टिव्ही खुर्ची तोड़कर नुकसान करने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 570/2026 धारा 332, ब, 324, 2, 118, 1, 352, 351,1, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा दिनेश कुरसुंगे 1147 पोलीस स्टेशन गोरेगांव कर रहे है।

## बैनर लगाने की बात पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/8/2026 के रात पोवार बोंर्डिंग के सामने फर्यादी सोनु रमेश कुथे उम्र 44 वर्ष निवासी गुरुनानक वार्ड कार्यक्रम का बैनर लगवा रहे थे। जहा आरोपीयो ने आकर गालीगलोच की और फर्यादी को रॉड प्लास्टिक खुर्ची और लाथ घुसो से मारपीट कर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 4772026 धारा 118, 1, 190, 189, 2, 189, 4, 191,1, 2, 3, 115, 2, 352 भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनि ठाकरे पोस्टे रामनगर कर रहे है।

## कार्यक्रम मे बैनर लगाने की बात पर 8 लोगो ने की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/8/2026 के रात पोवार बोर्डिंग के सामने फर्यादी रुषभ विनोद मिश्रा उम्र 34 वर्ष निवासी सिव्हील लाईन पवार बोर्डिंग के सामने बॅनर लगाने की बात पर आरोपीयोसे विवाद हुवा, उसके बाद 8 आरोपीयो ने रॉड, चाकु, फायटर, और लाथ घुसो से मारपीट की फर्यादी को गंभीर चोट लगने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 476/2026 धारा 118, 1, 190, 189, 2, 189, 4, 191, 1, 2, 3, 115, 2, 352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी नागरगोजे पोस्टे रामनगर कर रहे है।

## अचानक तबीयत खराब हुवे उधेड की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/8/2026 के 10 बजे के दरम्यान मोहाडी मे भिमराज सुरजलाल बिसेन उम्र 50 वर्ष की अचानक तबीयत खराब हुई। उन्हे उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल गोरेगाव ले गये जहा डाक्टर ने जांच कर मृत घोषित करने से फर्यादी के दिये बयान और डॉक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे गोरेगाव मे अकस्मात मौत क्रमांक 26/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा कुरसुंगे 1147 पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

# संत शिरोमणि नरहरी महाराज जयंती पर विविध सामाजिक उपक्रमों का आयोजन आज




जगप्रेरणा सालेकसा।

*सोनार समाज की आराध्य देवता संत शिरोमणि नरहरी महाराज की जयंती के अवसर पर आज 23 अगस्त को सुवर्णकार सांस्कृतिक भवन,* रिंग रोड, गोंदिया में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

जयंती के अवसर पर सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न उपक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेश हर्षे उपाध्यक्ष जिला परिषद गोंदिया, कार्यक्रम के उद्घाटक तुलसीराम बांगरे उपस्थित रहेंगे, सत्कारमूर्ती के रूप में राज्यसभा सदस्य राजेंद्र जैन, सचिन शेंडे नगराध्यक्ष नगरपरिषद गोंदिया, राज शुक्ला गटनेता नगरपरिषद गोंदिया , मैथुलाबाई बिसेन सदस्य नगरपरिषद गोंदिया, मनीषा येरपुडे सदस्य नगरपरिषद तिरोडा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर सोनार समाज की ओर से समाज के विकास के लिए विभिन्न सामाजिक उपक्रमों को बढ़ावा देने तथा समाज के आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया जाएगा। साथ ही जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराने की पहल भी की जाएगी।

कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि समाज के लोगों को एकजुट कर सामाजिक कार्यों को गति देने तथा जरूरतमंदों की सहायता करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। समाज के नागरिकों से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित रहने की अपील डॉ प्रदीप रोकडे अध्यक्ष, सुधाकर ढोमणे सचिव स्वर्णकार समाज गोंदिया ने की है।

# पुलिस कर्मचारी जितेन्द्र पगरवार के अचानक मुत्यु से सालेकसा पुलिस स्टेशन सहित सालेकसा शहर में शोक की लहर



जगप्रेरणा सालेकसा।

*'वर्दीधारी गुरु' नाम से प्रसिद्ध सालेकसा पुलिस स्टेशन मे खुफिया विभाग कार्यरत युवा पुलिस जवान जितेन्द्र पगरवार (40)की रात तडके दिल दौरा पड़ने से निधन हो गया*

जिससे सालेकसा पुलिस स्टेशन सहित सालेकसा शहर में शोक की लहर व्याप्त है जितेन्द्र पगरवार पिछले करीब 15 सालो से सालेकसा पुलिस स्टेशन मे पहले नक्षल विशेष पथक एवं बाद में पिछले तीन सालों से खुफिया विभाग में कार्यरत थे पिछले साल से पुलिस स्टेशन एवं कमला बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था सालेकसा द्वारा शुरु सालेकसा पुलिस भर्ती पुर्व प्रशिक्षण शिविर में अहम भूमिका निभाई है जिससे सालेकसा शहर सहित उनके पैतृक गांव कटंगी कला शोक व्याप्त है।

आज उनके पैतृक गांव कटंगी कला के स्थानीय मोक्षधाम पर अंतिम संस्कार किया गया उनके पीछे माता पिता पत्नी एवं दो बच्चे हैं।



अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोंस की जांच ■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों की बदहाली पर विधायक विनोद अग्रवाल ने अधिकारियों को लगाई फटकार..



## एकात्मिक आरोग्य वर्धिनी समिति की त्रैमासिक बैठक में दवाइयों की उपलब्धता से लेकर सीएचओ की उपस्थिति तक की समीक्षा..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के नागरिकों को बेहतर एवं समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एकात्मिक आरोग्य वर्धिनी समिति की त्रैमासिक बैठक पंचायत समिति गोंदिया में विधायक विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी स्थिति की समीक्षा करते हुए विधायक ने अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि***

सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले नागरिकों को किसी भी स्थिति में उपचार एवं आवश्यक दवाइयों के लिए भटकना नहीं पड़े। एकात्मिक आरोग्य वर्धिनी समिति का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं की नियमित निगरानी करना, स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करना तथा नागरिकों तक स्वास्थ्य योजनाओं एवं उपचार सुविधाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से उपकेंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और ग्रामीण रुग्णालयों की सेवाओं, दवाइयों की उपलब्धता, स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा जनस्वास्थ्य गतिविधियों की निगरानी पर जोर दिया जाता है।

### ■ दवाइयां नहीं मिलीं तो जिम्मेदारी तय होगी..

बैठक के दौरान विधायक विनोद अग्रवाल ने अपने क्षेत्र के गांवों के दौरे के दौरान सामने आई स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों का मुद्दा अधिकारियों के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में यदि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं अथवा मरीजों को उपचार के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है, तो यह गंभीर लापरवाही है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि दवाइयों की उपलब्धता नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए और किसी भी शिकायत का तत्काल निवारण किया जाए। शिकायतों का समाधान नहीं करने वाले संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाए।

### ■ सीएचओ की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी..

विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की उपस्थिति और उनके कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य उपकेंद्र केवल कागजों पर संचालित नहीं होने चाहिए। सीएचओ को अपने निर्धारित क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए नागरिकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचानी होंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएचओ के कार्यों एवं जिम्मेदारियों के संबंध में ग्रामसेवकों के माध्यम से आवश्यक पत्र जारी किए जाएं तथा उनके कार्यों की घर-घर जाकर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

### ■ सिर्फ रजिस्टर भरने की खानापूर्ति बर्दाश्त नहीं..

विधायक अग्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि सिर्फ रजिस्टर में एंट्री कर स्वास्थ्य सेवाओं की खानापूर्ति करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं और स्वास्थ्य केंद्रों की वास्तविक स्थिति जमीन पर दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने पीएचसी में आवश्यक रिकॉर्ड फ्लक लगाने, स्वास्थ्य सेवाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी नागरिकों को स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराने तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

### ■ जर्जर सब सेंटरों की मरम्मत और प्रसूति लक्ष्य बढ़ाने पर जोर

बैठक में स्वास्थ्य उपकेंद्रों की भौतिक स्थिति का मुद्दा भी उठा। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को सब सेंटरों की आवश्यक दुरुस्ती तत्काल कराने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने तथा संस्थागत प्रसूति को बढ़ावा देने के लिए प्रसूति का लक्ष्य बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी को सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर भरोसा तभी होगा, जब उसे गांव के स्तर पर ही समय पर डॉक्टर, दवा और आवश्यक उपचार उपलब्ध होगा।

### बोगस डॉक्टरों पर कार्रवाई के आदेश..

ग्रामीण क्षेत्रों में बिना उचित पात्रता अथवा अधिकृत अनुमति के चिकित्सा सेवाएं देने वाले बोगस डॉक्टरों पर कार्रवाई को लेकर भी विधायक ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि ऐसे मामलों की जानकारी प्राप्त कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीण नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो। बैठक में पंचायत समिति सभापति मुनेश रहांगडाले, बीडीओ श्री लोंढे, निवासी वैद्यकीय अधिकारी श्री जायसवाल, तहसील वैद्यकीय अधिकारी नीलेश जाधव, जिला परिषद सदस्य दीपा चन्द्रिकापुरे, वैशाली पंधरे, पूजा अखिलेश सेठ, शैलजा सोनवाने सहित ग्रामीण रुग्णालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों के मेडिकल ऑफिसर, सीएचओ तथा संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे।

# लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल ने किया राष्ट्रभक्ति के पर्व को ध्वजारोहण, वृक्षारोपण व सेवा कार्य पर समर्पित..

## स्वीकार मतिमंद स्कूल को भेंट की वाशिंग मशीन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले में प्रतिवर्ष अनेक सामाजिक एवं रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल की सक्रिय भूमिका नजर आती है। राष्ट्रीय पर्व को धुमधाम से मनाने के साथ ही संस्था द्वारा***

बढ़चढ़कर सेवा कार्य भी संपन्न कराये जाते हैं, इसी क्रम में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल टीम द्वारा राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस धुमधाम से मनाया गया। 15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह 8:30 बजे मंगलम मूकबधिर स्कूल में ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद बच्चों एवं क्लब सदस्यों के साथ नाश्ता किया गया। इसके उपरांत सुबह 9 बजे फोंडल एकेडमी में ध्वजारोहण किया गया, जिसमें क्लब की महिला सदस्यों ने सहभागिता दर्ज की। इसके उपरांत सुबह 9:30 बजे स्वीकार स्पेशल मतिमंद स्कूल में ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात बच्चों को फल वितरण किया गया, तथा बच्चों की सुविधा के लिए विद्यालय को वॉशिंग मशीन भी प्रदान की गई।

इसी प्रकार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में श्रीराम वृक्षारोपण आयोजन समिति, गोंदिया के सतत वृक्षारोपण अभियान में लायंस क्लब गोंदिया रॉयल द्वारा 11,000 रुपये का सहयोग प्रदान किया गया। यह सेवा कार्य लॉयन राहुल गुप्ता के सौजन्य से किया गया।

इस दौरान क्लब के 15 सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी कार्यक्रमों में प्रमुख रुप से लॉयन्स क्लब गोंदिया रॉयल के अध्यक्ष एमजेएफ अभिषेक शर्मा, सचिव सीए रोहित चांदवानी एवं कोषाध्यक्ष लॉ. प्रीति प्रितेश अग्रवाल सहित क्लब के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# कावड़ यात्रा में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षधरा फाउंडेशन के प्रतिनिधित्व में शिवभक्तों ने किया वृक्षारोपण



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

वृक्षधरा फाउंडेशन के माध्यम से मुख्य बाजार समिति, गोंदिया के सहयोग से विगत 42 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही कावड़ यात्रा के पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पंडितों, मुख्य बाजार गोंदिया के कावड़ यात्रियों एवं नागरा धाम के कावड़ यात्रियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में पंडित ललितप्रसाद पुरोहित, पंडित नरेश जोशी, पंडित राजकुमार तिवारी एवं पंडित रोहित शर्मा की शुभ उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य बाजार गोंदिया के कावड़ यात्री एवं नागरा धाम के कावड़ यात्री भी उपस्थित रहे और सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधारोपण किया। वृक्षधरा फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अजय दमाहे, सदस्य योगेश बारेवार, सह-संस्थापक नितेश बारेवार एवं सोशल मीडिया प्रमुख रितेश बारापात्रे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने उपस्थित कावड़ यात्रियों के साथ पर्यावरण रक्षा की शपथ ली तथा वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वृक्षधरा फाउंडेशन की ओर से सभी कावड़ यात्रियों से विशेष अनुरोध किया गया कि हर कावड़ यात्री अपनी कावड़ यात्रा शुरू करने से पहले कम से कम एक वृक्ष का पौधारोपण करे और उसकी देखभाल का संकल्प ले। धर्म की रक्षा के साथ-साथ प्रकृति की रक्षा करना भी हम सभी का कर्तव्य है।

वृक्षधरा फाउंडेशन ने कहा कि भगवान शिव की भक्ति और कावड़ यात्रा के साथ पर्यावरण संरक्षण का यह संकल्प समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाने वाला है। आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण और वृक्षसंवर्धन में योगदान देना चाहिए।

# पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने गोंदिया के शास्त्री वार्ड स्थित नाग मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दी भेंट..

## प्रभु के प्रति नागरिकों में बढ़ रही अटुट आस्था - पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया शहर के शास्त्री वार्ड स्थित श्री नाग मंदिर सेवा समिती द्वारा आयोजित मंदिर परिसर में भगवान शिव, शिव परिवार, शीतला माता एवं श्री हनुमानजी की मुर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने पहुँचकर पूजा-अर्चना कर आशिर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर उपस्थितों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि, एक बार पुनः भारतीय नागरीकों में भगवान के प्रति आस्था निरंतर बढ़ती जा रही है। आध्यात्मिक कार्यक्रमों में सभी नागरीकों और विशेषकर महिलाओं का सहभाग बढ़ रहा है, जिससे एक नई आध्यात्मिक क्रांती समाज में दिखाई देती है। चाहे कुंभ का उत्सव हो या अयोध्या-उज्जैन में मंदिरों में श्रध्दालुओं की संख्या, श्रध्दालुओं ने उपस्थिती के हर रिकॉर्ड तोड़ दिए है, जो निश्चित रुप से भारतीयों की भगवान में अटुट आस्था का प्रतिक है। उन्होंने आगे बताया कि, सभी माताओं-बहनों के अनुरोध है उन्होंने आगामी जनवरी 2027 में राष्ट्रसंत परम पूज्य प्रदीप जी मिश्रा को शिव महापुराण कथा हेतु गोंदिया निमंत्रित किया है और सभी को शिव के इस महाउत्सव में बढ़-चढ़कर सम्मिलित होना है। प्रमुख रुप से पार्षद सुनिल तिवारी, पुरणलाल पाथोड़े, गोल्डी गांवडे, अमित झा, पुर्व पार्षद विष्णु नागरीकर, एड.योगेश अग्रवाल, अनिल सहारे, श्री बोम्बार्डे तहसीलदार, अमन शेख, दिपक पिपलेवार, श्रीमती डोंगरे, सागर शर्मा, कृष्णा देशमुख, साठवणे सर आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

# कच्छ कड़वा पाटीदार समाज द्वारा भव्य रोग निदान एवं रक्तदान शिविर आज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज, गोंदिया द्वारा सर्व समाज के हित में विशाल रोग निदान एवं रक्तदान शिविर आज 23 अगस्त रविवार को सुबह 10:30 से दोपहर 3:00 तक रामदेवरा मंदिर, रेलटोली, गोंदिया में***

आयोजित किया गया है। शिविर में मुफ्त स्वास्थ्य जांच के अंतर्गत बीपी, शुगर, एक्स-रे, ई.सी.जी., और सोनोग्राफी की मुफ्त जांच सुविधा प्रदान की जायेगी। सी.टी. स्कैन और रक्त जांच पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम सेवा के लिये उपलब्ध रहेगी। आयोजकों ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निशुल्क व रियायती स्वास्थ्य शिविर तथा रक्तदान महादान का लाभ उठाने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिये दीप पटेल (7030422771), मोहनभाई पटेल (8669106109), धीरेन पटेल (9028362120), हिम्मतभाई पटेल (9423113493), राहुल पटेल से मो. 8329493141, पंकजभाई पलन से मो. 9422831212, कृष्णा छुट्वानी से मो. 9575754444 एवं पीनलभाई पटेल से मो. 9923480014 पर संपर्क कर सकते है।

# गोंदिया के सांस्कृतिक नाट्य भवन का लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करने की मांग..

## कलाकारों की प्रतिनिधि संस्था को प्रबंधन की जिम्मेदारी देने की भी मांग





**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया शहर के रेलटोली क्षेत्र में नगर परिषद द्वारा कई वर्षों से निर्माणाधीन सांस्कृतिक नाट्य भवन का लंबित कार्य तत्काल पूर्ण कर इसे गोंदिया जिले के कलाकारों के लिए उपलब्ध कराने तथा भविष्य में इसके प्रबंधन में कलाकारों की प्रतिनिधि संस्था को सहभागी बनाकर प्रबंधन की जिम्मेदारी देने की मांग गंधार संगीत कलाकार बहु संस्था (रजि.), गोंदिया, संविधान मैत्री संघ गोंदिया तथा विदर्भ राज्य आंदोलन समिति गोंदिया की ओर से की गई।

इस संबंध में जिलाधिकारी मंदार पत्की, सांसद राजेंद्र जैन, विधायक विनोद अग्रवाल, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, मुख्याधिकारी, क्रीड़ा एवं सास्कृतिक विभाग के सभापति तथा निर्माण विभाग के सभापति पिंटू माने को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर विदर्भ राज्य आंदोलन समिती के जिलाध्यक्ष छैलबिहारी अग्रवाल, समन्वयक अतुल सतदेवे, जया कुमार व माया जांभुळकर उपस्थित थे। गंधार संगीत कलाकार बहु संस्था तर्फे सुनील जायसवाल (सोनी साउंड), आशीष देशभ्रतार, दिलीप कोसरे, गुड्डू राउत, पिंटू बिसेन, बंटी संगोडे, अनूप बोरकर, परेश लोखंडे, सोहन पटले, श्याम बघेले, शुभम तुरकर, राहुल उके, जय परमार उपस्थित थे। ज्ञापन में कहा गया कि रेलटोली में नगर परिषद गोंदिया द्वारा सांस्कृतिक नाट्य भवन का निर्माण कई वर्षों से जारी है, लेकिन अब तक यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। शासन का निधि खर्च होने के बावजूद इस भवन का अपेक्षित लाभ नागरिकों और कलाकारों को नहीं मिल पा रहा है। इसलिए भवन का शेष निर्माण कार्य एवं आवश्यक कार्य तत्काल पूर्ण कर इसे पूर्ण क्षमता के साथ शुरू करने की मांग की गई है।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

- सूचना -
यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करे।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com